News सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-26
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, बुधवार, 01 मई 2024



**आज का विचार**

जो लोग गिरने से डरते हैं वह कभी भी जीवन में उड़ान नहीं भर सकते

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

## आज रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। उनका आगमन शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना होंगी। शाम 4.50 बजे हनुमंत लला की आरती में शामिल होंगी। इसके बाद शाम 5.45 बजे सरयू पूजन और आरती करेंगी। यहां से रामजन्मभूमि पहुंचकर शाम 6.45 बजे रामलला के दर्शन कर आरती में शिरकत करेंगी। शाम 7.15 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगी। इसके बाद हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय सिंह के अनुसार राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रमों का कवरेज दूरदर्शन नेशनल न्यूज चैनल की ओर से किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर बुधवार को जिले में सुरक्षा घेरा सख्त रहेगा। एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर व सरयू तट तक आधुनिक असलहों से लैस जवान जगह-जगह मुस्तैद रहेंगे। मंगलवार को ही पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा एजेंसियों व अन्य जवानों के साथ रिहर्सल भी की है। राष्ट्रपति शाम चार बजे एयरपोर्ट से राम मंदिर व सरयू तट पर जाएंगी। इस दौरान सभी मार्गों पर पड़ने वाले मकानों पर असलहों से लैस जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, आरएएफ, एटीएस व पीएसी के जवान भी जगह-जगह तैनात होंगे। खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सादी वर्दी में अलग-अलग जगहों पर भी जवान तैनात रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया। उन्होंने आम चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी से जवाब मांगा है। इस बारे में ईडी से शुक्रवार तक जवाब देने के लिए कहा गया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के समय के संबंध में है, जिसके बारे में उन्होंने बताया है। गिरफ्तारी का समय, आम चुनाव से ठीक पहले क्यों। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे और ईडी को सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है, बुधवार से दोनों न्यायाधीश अलग-अलग पीठ में बैठेंगे। इस मामले में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा। बता दें कि केजरीवाल ने कथित एक्साइज ड्यूटी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट चुनौती है। वे 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से ही न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

## पन्नू को मारने की साजिश वाले दावे पर वॉशिंगटन पोस्ट को भारत का जवाब

**नई दिल्ली** अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट में दावा किया गया कि गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारत के रॉ ऑफिसर शामिल थे। वॉशिंगटन पोस्ट के इस सनसनीखेज दावे से हड़कंप मच गया। अब इस दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने इस दावे को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि इस पर अटकलें लगाना और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करना मददगार नहीं है। वॉशिंगटन पोस्ट ने यह भी दावा किया कि पन्नू की हत्या के लिए भारतीय जासूसी एजेंसी के तत्कालीन प्रमुख सामंत गोयल ने मंजूरी दी थी। बता दें कि पन्नू खालिस्तान आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक है और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवींद्र जायसवाल ने द वॉशिंगटन पोस्ट के दावे को खारिज करते हुए कहा कि कि रिपोर्ट की मदद से एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार ने अमेरिकी सरकार द्वारा बताई गई संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य के नेटवर्क से जुड़ी सुरक्षा चिंता की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई है। इस पर अटकलें लगाना और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है।

# मोदी का आज तूफानी प्रचार

## ओवैसी के गढ़ में हुंकार भरेंगे अमित शाह



**अमित शाह हैदराबाद में करेंगे रोड शो**

**नई दिल्ली लोकसभा चुनाव 2024 में 2 चरण के वोटिंग होने के बाद 7 मई को तीसरे चरण में वोटिंग होना है. तीसरे चरण के वोटिंग को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुका है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गुजरात में प्रचार करने के लिए तैयार हैं. पीएम मोदी आज बनासकांठा और साबरकांठा लोकसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे.गुजरात में, भाजपा ने पिछले दो लोकसभा चुनावों में 26 में से 26 सीटों पर जीत हासिल की है. जबकि पार्टी 1998 से लगातार राज्य में शासन कर रही है. भाजपा ने इस बार भी दावा कि है कि वह गुजरात में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी.**

### भाजपा जीत चुकी है एक सीट

बता दें कि सूरत में पहले से ही, कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन पत्र खारिज होने और शेष उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध चुना गया है. प्रमुख विपक्षी कांग्रेस ने हाल के महीनों में गुजरात में खुद को और अधिक कमज़ोर पाया है, जिसके कई मौजूदा और पूर्व विधायक दल-बदल के कारण हार गए इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक रैली के साथ चार राज्यों में चुनाव प्रचार करेंगे. कर्नाटक के हावेरी और हुबली में एक रैली और एक रोड शो, और तेलंगाना के हैदराबाद में एक रोड शो करेंगे. हैदराबाद में अमित शाह भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के लिए प्रचार करेंगे. बता दें कि यहां 13 मई को चौथे चरण में मतदान होना है. हैदराबाद में माधवी लता एआईएमआईएम के मौजूदा सांसद और पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ लड़ रही हैं.

**दल बदल का खेल जारी**

## कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत बीजेपी में शामिल



श्योपुर। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दल बदल का खेल जारी है। लगातार कांग्रेसी नेता बीजेपी का दामन थाम रहे हैं और कांग्रेस को झटके पर झटके दे रहे हैं। कांग्रेस में चल रही भगदड़ खत्म नहीं हो रही है। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मध्यप्रदेश में चुनावी सभा करने पहुंचे। वहीं, श्योपुर के विजयपुर से कांग्रेस विधायक व पार्टी के कद्दावर नेता रामनिवास रावत ने पार्टी छोड़ दी। रामनिवास रावत सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में बीजेपी ज्वाइन किया। अनुमान लगाया जा रहा है कि रावत को मध्यप्रदेश सरकार में लोकसभा चुनाव के बाद मंत्री पद से नवाजा जा सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को श्योपुर जिले के विजयपुर पहुंचे थे। जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में रामनिवास रावत बीजेपी में शामिल हो गए। एमपी में कांग्रेस को एक साथ दो झटके लगे हैं। पहले तो कांग्रेस के सीनियर विधायक रामनिवास रावत ने बीजेपी ज्वाइन की। वहीं, उनके साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ा है और बीजेपी का दामन थामा है। रामनिवास रावत के पार्टी छोड़ने से चंबल-अंचल में कांग्रेस को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रामनिवास रावत ओबीसी का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। तीसरे और चौथे चरण में एमपी की चंबल-अंचल की सीटों पर मतदान होंगे।

**पूर्व मंत्री और छह बार के विधायक हैं रावत** रामनिवास रावत विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में वे 6वीं बार विधायक चुने गए हैं। इस बार उन्होंने बीजेपी के पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा को हराया था। इसके अलावा रामनिवास रावत मुरैना सीट से दो बार लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।
रामनिवास रावत कांग्रेस में अहम पदों पर भी रह चुके हैं।

# बीजेपी सत्ता में लौटी तो संविधान 'फाड़' देगी: राहुल



भिंड। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में सत्ता में लौटती है, तो वह गरीबों, दलितों, एसटी और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ देगी। रैली को संबोधित करने के दौरान राहुल ने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि गरीबों, एसटी, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी।
वायनाड सांसद ने आगे दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वे निर्वाचित हुए, तो वे इस पुस्तक (संविधान) को फाड़ देंगे और फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि इस किताब को फेंक दिया जाए और 20-25 अरबपति देश चलाएं।

**आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा** राहुल ने आरक्षण के मुद्दे पर भी बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा, यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है। राहुल ने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) ट्रांसफर करेगी।

**एक साल की गारंटी की नौकरी देंगे** राहुल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (एससी-आरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। राहुल गांधी ने कहा कि अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं और उन्हें पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो। देश में 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में ये आपके हवाले कर देंगे।

**5 साल में देश में सबसे ज्यादा महंगाई** राहुल ने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। रेलवे अडानी, सोलर पावर अडानी, जहां भी देखो अडानी ही अडानी। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू किया। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है। हर युवा और देश का हर नागरिक एक बाद जानता है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्जा माफ कर दिया। मैं उनसे पूछना चाहता हैं कि कितने किसानों का, मजदूरों का, बेरोजगार युवाओं का कर्जा माफ किया गया। मोदी ने कभी नहीं कहा कि मैं गरीब का कर्जा माफ करूंगा।

**मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रहे- मोदी** संगारेड्डी। तेलंगाना के संगारेड्डी में पीएम मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस, बीआरएस दोनों अलग नहीं बल्कि दोनों एक ही करप्शन रैकेट के सदस्य हैं। कांग्रेस और बीआरएस का यह रैकेट कहां तक फैला हुआ है, यह दिल्ली के शराब स्कैम से भी पता चलता है। दिल्ली में जिस पार्टी ने शराब घोटाला किया, उसमे बीआरएस के लोग शामिल निकले। उसी पार्टी से दिल्ली में कांग्रेस का गठबंधन है। पीएम मोदी ने कहा कि जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार दुनियाभर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने पर जोर दे रही है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनियाभर में खाने की मेज तक पहुंचे।

**कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था** मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, अब वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी बना देते हैं। हमारे तेलंगाना में जो लिंगायत, मराठा समाज के लोग हैं, उसमें 26 जातियां ऐसी हैं जो ओबीसी में जाने की मांग कर रही हैं। लंबे समय से इसपर चर्चा चल रही है। कांग्रेस वालों को मराठा, लिंगायत, इन 26 जातियों को ओबीसी बनाना मंजूर नहीं है।

**जब तक जिंदा हूं मुसलमानों को आरक्षण नहीं दूंगा** पीएम मोदी ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, एससी, एसटी और ओबीसी की कीमत पर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे। आपके घर में पड़े सोने और संपत्ति का ये हिसाब लगाएंगे।

**भारतीय टीम का ऐलान**

## टी-20 विश्व कप में रोहित कप्तान, पांड्या उपकप्तान

**नई दिल्ली।** आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया खेलती दिखेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या उपकप्तानी करते दिखेंगे। टीम में दो विकेटकीपर शामिल किए गए हैं। इनमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन शामिल हैं। वहीं, केएल राहुल को टीम से बाहर कर दिया है। राहुल पिछले टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के हिस्सा थे। टी-20 विश्व कप की शुरूआत एक जून से वेस्टइंडीज-अमेरिका की सह-मेजबानी में हो रही है, जबकि फाइनल 29 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पिछला टी-20 विश्व कप 2007 में जीता था। यह इस प्रारूप का पहला संस्करण था। 17 साल से भारत इस ट्रॉफी को जीतने के लिए जूझता रहा है। पिछली बार यानी 2022 में भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था। अब रोहित शर्मा की अगुआई में यह 15 खिलाड़ी 17 साल के टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने उतरेंगे। भारत ने पिछली बार कोई आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीता था। रोहित एंड कंपनी 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को भी खत्म करना चाहेगी। 2023 में हुए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में हार गई थी। भारतीय टीम अपने टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगी। यह मैच न्यूयॉर्क के नसऊ काउंटी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर नौ जून को टीम इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ महा मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 12 जून को भारत को यूएसए और 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलना है। शिवम दुबे को रिंकू पर तरजीह भारतीय टीम से तीन बड़े चेहरों को बाहर किया गया है, जो हाल फिलहाल में टीम इंडिया का हिस्सा थे। इनमें केएल राहुल के अलावा रिंकू सिंह और शुभमन गिल शामिल हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज को रखा गया है।

## आर्टिकल 370 पर रिव्यू पिटिशन, आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



नई दिल्ली- जम्मू-कश्मीर को स्पेशल दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को अस्थायी प्रावधान करार देने और स्पेशल दर्जा निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल रिव्यू पिटिशन पर आज (1 मई को) सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को दिए अपने फैसले में कहा था कि जम्मू-कश्मीर को स्पेशल दर्जा देने वाला अनुच्छेद-370 अस्थायी प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्र सरकार के फैसले को वैध करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दाखिल की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के फैसले को रखा था बरकरार** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को सही ठहराते हुए बरकरार रखा था। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रभाव को खत्म कर दिया था, साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था और दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 अर्जियां दी गई थीं, सभी को सुनने के बाद सितंबर में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस फैसले को सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

**स्थानीय नेता कर रहे हैं विरोध** जम्मू-कश्मीर के स्थानीय नेताओं समेत कई लोग लगातार आर्टिकल 370 हटाने का विरोध करते रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने वोट के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को निरस्त करने पर अपनी नाखुशी दर्ज कराने की अपील की है।

## एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता, देखें दिल्ली से कोलकाता तक कितने घटे दाम



नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव 2024 के बीच एलपीजी सिलेंडर के उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है। एलपीजी सिलेंडर के रेट 19 रुपये बुधवार से कम हो गए हैं। एलपीजी के रेट में कटौती केवल कॉमर्शियल सिलेंडर में हुई है। घरेलू सिलेंडर के दाम में इस महीने फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है। आईओसी के मुताबिक दिल्ली में 19 किलो वाला इंडेन का एलपीजी सिलेंडर एक मई यानी आज से अब 1764.50 रुपये की जगह 1745.50 रुपये में मिलेगा। मार्च में 1795 रुपये का मिल रहा था। कोलकाता में यह अब 1879.00 रुपये की जगह 1859 रुपये में मिलेगा। यहां एलपीजी के रेट 20 रुपये की कटौती हुई है। मुंबई में अब यह 1717.50 की जगह 1698.50 रुपये में मिलेगा। चेन्नई में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 1930.00 रुपये की जगह 1911 रुपये में मिलेगा। आगरा से लेकर अगरतला और कश्मीर से कन्याकुमारी तक घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। लखनऊ में आज घरेलू एलपीजी सिलेंडर 840.5 रुपये में मिलेगा। राजस्थान के जयपुर में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 806.50 रुपये है। गुरुग्राम में घरेलू सिलेंडर की कीमत 811.50 रुपये पर स्थिर है। पंजाब के लुधियाना में घरेलू सिलेंडर के रेट 829 रुपये है। बिहार के पटना में घरेलू सिलेंडर अपने पुराने रेट 901 रुपये में मिलेगा।

**कब-कब घटे दाम** इससे पहले महिला दिवस के दिन मोदी सरकार ने घरेलू सिलेंडर के उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफा मिला था। इस दिन छह महीने में दूसरी बार एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बड़ी कटौती की गई थी। रक्षाबंधन पर एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की कमी के बाद सरकार ने मार्च में घरेलू सिलेंडर के रेट 100 रुपये और कम कर दिए। 14 किलो वाला घरेलू सिलेंडर दिल्ली में 803 रुपये का हो गया।

# बागेश्वर धाम की कथा में महिला ने काटी हाथ की नस

## धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की कर रही थी जिद




**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। इंदौर में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री से न मिलने देने पर एक महिला ने हाथ की नस काट ली। जिसके बाद उसे आनन-फानन में एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया

नस काटने के बाद बेसुध हुई महिला

बता दे कि इन दिनों कनकेश्वरी धाम में धीरेंद्र शास्त्री की कथा चल रही है। यहां मंगलवार को सीमा नामक महिला पहुंची थी। कथा समाप्त होने पर वह धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की जिद करने लगी। वहीं सिक?योरिटी और अन्य लोगों द्वारा रोके जाने पर उसने हाथ की नस काट ली, जिसके बाद महिला बेसुध हो गई और उसे तत्काल कनकेश्वरी संस्था की एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। गौरतलब है कि इंदौर में धीरेंद्र शास्त्री की सात दिवसीय कथा चल रही है। मंगलवा को उन?होंने भागवत महत?व बताया। शास?त्री ने कहा कि भागवत सुनकर भाग्य खुल जाता है। भगवत कथा हमें जीवन सही तरह से जीने का मार्ग दिखाती है, इसलिए हर व्यक्ति को भागवत का श्रवण करना चाहिए। जीवन में भगवान शिव का स्मरण करने से सारे संकट दूर हो जाते है और जो व्यक्ति मन से राम नाम लेता है उसके एक बार राम बोलने पर ही करोड़ों यज्ञ के समान फल प्राप्त हो जाता है। जीवन में कभी भी अभिमान को स्थान नहीं दिया जाना चाहिए। अभिमान अशिष्ट बना देता है और सत्य तो यह है कि जो शिष्ट है वही विशिष्ट है।

# मासूम से हरकत करने वाले प्रोफेसर को पांच वर्ष कारावास, कोर्ट ने कहा- जितना कठोर दिया जाए वह कम



**सिटी चीफ इंदौर।**
विवाह समारोह में पहुंचकर मासूमों से हरकत करने वाले प्रोफेसर को विशेष न्यायालय ने पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि आरोपित ने जो अपराध किया है उसके लिए उसे जितना कठोर दंड दिया जाए वह कम है। 9 फरवरी 2022 को 10 वर्षीय बालिका की माता ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार के यहां विवाह समारोह में गई थी। उसकी बेटा और बेटी झुले के पास खेल रहे थे कि आरोपित हरजीत सिंह छाबड़ा वहां पहुंचा। उसने बच्ची से नाम पूछा और फिर उसके साथ हरकत करने लगा। बच्ची चिल्लाई तो वह उसे छोड़कर वहां से चला गया। दो दिन बाद उसे उसके रिश्तेदार ने फोन पर बताया कि जिस हुलिए के व्यक्ति ने बच्ची के साथ हरकत की थी वह उसी गार्डन में मौजूद है। इस पर वह वहां पहुंची और उसे पकड़ लिया। निरीक्षक मनीषा दांगी ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई थी कि आरोपित इसी तरह विवाह समारोह में पहुंचकर मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करता था। विशेष न्यायाधीश रश्मि वाल्टर ने आरोपित को पांच वर्ष कठोर कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# रणजीत हनुमान में भगदड़ से नहीं साइलेंट अटैक से हुई थी श्रद्धालु की मौत, प्रशासन ने किया खंडन



**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार को भंडारे में भगदड़ से भक्त की मौत होने की खबरों का जिला प्रशासन के खंडन किया है। प्रशासन का कहना है कि भंडारे के दौरान लाइन लाइन से होते हुए पंडाल में पहुंचने पर एक भक्त की तबीयत खराब हो गई थी और वह चक्कर खाकर गिर गया। भक्त को तुरंत ही पास के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि भक्त की मृत्यु साइलेंट अटैक के कारण हुई। जिला प्रशासन ने उन खबरों का का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि रणजीत हनुमान में भगदड़ और धक्का मुक्की से एक श्रद्धालु की मृत्यु हो गई थी। प्रशासन के अनुसार मंगलवार रात्रि रणजीत हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारा 5:30 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 2:00 बजे तक अनवरत चला। भंडारे में अत्यधिक जनसैलाब था।

**कैंपस में चक्कर खाकर गिरा था मृतक**

भंडारे में लगभग 40 हजार से 50 हजार श्रद्धालु आए थे। भंडारे की लाइन में लगे विजय पिता सुंदरलाल प्रजापत उम्र 48 वर्ष निवासी गोविन्द कालोनी मल्हारगंज करीबन 11.15 बजे लाइन से कैंपस में आने के बाद चक्कर खाकर गिर गए। उन्हें पुलिस बल व कार्यकर्ताओं की सहायता से पास ही स्थित यूनिक हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे साइलेंट अटैक आने के कारण मृत घोषित किया। कुछ लोगों द्वारा भगदड़ जैसी खबर चलाई जा रही है। जबकि घटना जहां हुई वहां भगदड़ जैसा कुछ नही हुआ।

# ड्रग्स बेचने वाला इंजीनियर गिरफ्तार मंदसौर के तस्कर का नाम कबूला



**सिटी चीफ इंदौर।**
कनाड़िया पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक युवक इंजीनियर है। कर्ज उतारने के लिए एमडीएमए सप्लाई करने लगे थे। आरोपितों ने मंदसौर के तस्कर का नाम कबूला है। पुलिस के मुताबिक ओारपित साहिल पुत्र नौशाद अंसारी निवासी गायत्रीनगर देवास और जुनैद पुत्र जावेद निवासी गजरा गीयर चौराहा देवास है। पुलिस ने दोनों को एमडीएमए ड्र?स के साथ पकड़ा है। एसीपी कुंदन मंडलोई के मुताबिक आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि मंदसौर के तस्कर से ड्रग्स लेते थे। इंटरनेट मीडिया पर ऑर्डर देने के बाद तस्कर मंदसौर से आने वाली यात्री बस में ड्रग्स का पैकेट रख देता था। आरोपित जुनैद इंजीनियर है। उसका भाई डाक्टर है। आरोपित कर्ज उतारने के लिए ड्रग्स का व्यवसाय करता था। चाकूबाजों की थाना में परेड़ जोन-2 में पुलिस ने थानों में अपराधियों की परेड लगाई। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक सभी थानों में करीब 200 अपराधियों को तलब किया गया है। उनका डोजियर भरा गया है। बीट प्रभारी से लेकर थाना प्रभारी,एसीपी से शिनाख्त करवाई गई है। उनके मिलने वाले,रिश्तेदार, स्वजन,जमानतदार और वकील तक की जानकारी अपडेट की गई है। उन लोगों के बारे में भी पूछताछ की गई जो आरोपितों की फरारी के दौरान मदद करते है।

# कभी कांग्रेस ने इंदौर से देश को दिया था गृह मंत्री, आज प्रत्याशी विहीन हुई पार्टी



**सिटी चीफ इंदौर।**
आजादी के बाद यह पहला मौका है जब इंदौर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस विहीन चुनाव होंगे। अब तक हुए सभी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भले ही वर्ष 1989 के बाद से यह सीट भाजपा के कब्जे में रही हो लेकिन ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जब कांग्रेस यहां के परिणामों को प्रभावित नहीं किया हो। वर्ष 1952 में हुए पहले आम चुनाव से ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। पार्टी ने अब तक यहां से आधा दर्जन बार जीत हासिल की है।

**केंद्रीय गृह मंत्री और लोकसभा स्पीकर भी दिए है इंदौर ने**

इंदौर लोकसभा क्षेत्र ने राष्ट्रीय स्तर के नेता भी देश को दिए हैं। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री रहे प्रकाशचंद्र सेठी भी शामिल हैं तो लोकसभा अध्यक्ष रहीं भाजपा की सुमित्रा महाजन भी। प्रकाशचंद्र सेठी ने कांग्रेस के झंडे तले चार बार यहां से जीत दर्ज की तो सुमित्रा महाजन ने आठ बार भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस को पराजय का स्वाद चखाया। उन्होंने ही वर्ष 1989 में इंदौर में भाजपा की जीत का सिलसिला शुरू किया था।

**दो प्रतिशत मत भी हासिल नहीं कर पाते निर्दलीय प्रत्याशी**

इंदौर लोकसभा सीट पर मतों का विभाजन सामान्यत: दो दलों के बीच ही होता रहा है। तीसरी ताकत के रूप में दो बार जरूर यहां से प्रत्याशी लोकसभा पहुंचे लेकिन इसके अलावा कभी कोई प्रत्याशी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। इंदौर में निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों का प्रतिशत सामान्यत: कुल मतदान का दो से तीन प्रतिशत के बीच ही रहा है। ऐसी स्थिति में इस बार के चुनाव में भी बहुत ज्यादा बदलाव की स्थिति नजर नहीं आ रही। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि कांग्रेस पहले कह चुकी है कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने के बाद वह किसी अन्य निर्दलीय प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं देगी।

# इंदौर से कांग्रेस किसी का नहीं करेगी समर्थन जीतू पटवारी ने कहा- लड़ाई अब जनता की



**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर के चुनाव मैदान से बाहर हुई कांग्रेस यहां किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन नहीं देगी। सोमवार को हुए घटनाक्रम से सदमे में डूबी कांग्रेस ने मंगलवार शाम तक निर्णय लेने की बात कही थी। मंगलवार शाम मीडिया के सामने आए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि लड़ाई अब सिर्फ कांग्रेस की नहीं, इंदौर की जनता की है। कांग्रेस तो वैसे ही चुनाव से बाहर हो गई है। हम लोगों से आह्वान कर रहे हैं कि भाजपा को सबक सिखाएं और उसका बहिष्कार करें।

पटवारी के साथ पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, अश्विन जोशी, शोभा ओझा, कृपाशंकर शुक्ला और रीना बौरासी भी पत्रकार वार्ता में नजर आए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर जैसे स्वच्छ शहर को भाजपा ने राजनीतिक रूप से प्रदूषित और कलंकित किया है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस तरह का कृत्य कर गर्व महसूस कर रहे हैं। लोगों को जागना चाहिए, क्योंकि ये लोकतंत्र की हत्या है और संविधान खतरे में है।

पटवारी ने यह भी कहा कि सवाल यह है कि कांग्रेस प्रत्याशी ने दल क्यों बदला, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि सत्ताधारी दल जनता के वोटों से मिली ताकत से नागरिकों से ही वोट का अधिकार छीनने और शहर के लोकतंत्र को कलंकित करने का काम कैसे कर सकता है। पटवारी ने यह भी कह दिया कि हमें आघात लगा हैं, मैं रातभर सो भी नहीं सका। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चार-पांच निर्दलीय लोगों को धमकाया। उन पर नामांकन वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

पांच लोगों को हम कांग्रेस नेताओं ने अपने घरों में रखा। सरपंच चुनाव में भी ऐसा नहीं होता, जैसा सांसद के चुनाव में भाजपा कर रही है। हम भाजपा को सबक सिखाएंगे। इसके लिए जन अभियान चलेगा। रैलियां होंगी और वार्ड स्तर पर आयोजन होंगे। लोगों के पास नोटा भी विकल्प है और अन्य भी। हम किसी का नाम नहीं लेते, लेकिन लोगों से कहेंगे कि कुछ भी चुनें, लेकिन भाजपा का बहिष्कार करें।

# नगर निगम फर्जीवाड़ा में मास्टर माइंड अभय राठौर सहित तीन निलंबित



**सिटी चीफ इंदौर।**
नगर निगम फर्जीवाड़ा के मास्टर माइंड एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) अभय राठौर सहित तीन को निलंबित कर दिया गया है। लेखा शाखा के दो विनियमित कर्मचारियों को हाजिरी मुक्त करने के लिए नोटिस जारी किया है। राठौर के अलावा जिनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, उनमें सब इंजीनियर उदय भदौरिया और इंट्री आपरेटर चेतन भदौरिया शामिल हैं। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि फर्जीवाड़ा में लिपिक राजकुमार साल्वी का नाम भी आया है। उसके खिलाफ बुधवार को निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। वर्मा ने बताया कि नगर निगम की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। बुधवार को इसे शासन को सौंप दिया जाएगा। निगम में बगैर काम के फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपये के भुगतान का मामला सामने आने के बाद से ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही थी। मंगलवार शाम नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंटरनेट मीडिया पर दोषियों के निलंबन के आदेश देने की बात कही। इसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई कर दी गई। विजयवर्गीय ने फर्जीवाड़ा की उच्च स्तरीय जांच के लिए भी कहा है।

**पहले भी घोटालों में सामने आ चुका है नाम**

इंजीनियर अभय राठौर का नाम इसके पहले भी कई फर्जीवाड़े और घोटाले में आ चुका है। यातायात घोटाला, यशवंत तालाब गहरीकरण में पाइप लाइन घोटाला में भी उसका नाम आया था। वह पूर्व में भी निलंबित रह चुका है। वर्ष 2005 में बोरिंग के फर्जी बिल तैयार करने और भुगतान कराने के मामले में उसकी लोकायुक्त से शिकायत भी हुई थी। उसके यहां ईओडब्ल्यू की कार्रवाई भी हो चुकी है। कार्रवाई में उसके यहां करोड़ों रुपये की संपत्ति मिली थी। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद उसे कलेक्टर कार्यालय भेज दिया गया था, लेकिन कुछ समय पहले ही वह एक बार फिर नगर निगम पहुंच गया।

उच्च स्तरीय जांच में कई बड़े नाम आएंगे सामने

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार रात ही मुख्यमंत्री से निगम फर्जीवाड़ा की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि वर्ष 2022 से पहले निगम के सभी विभागों में हुए काम और किए गए भुगतान की जांच की जानी चाहिए। आशंका है कि निगम में इस तरह के फर्जीवाड़े लंबे समय से चल रहे हैं और अब तक करोड़ों रुपये के भुगतान हो चुके हैं। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय द्वारा इंटरनेट मीडिया पर की गई पोस्ट में उन्होंने कहा कि मामले की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच भी करवाई जाएगी। बताया जा रहा है कि उच्च स्तरीय जांच में कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# पाउडर कोटिंग फैक्ट्री में ब्लास्ट से लगी आग चार कर्मचारी घायल, दो की हालत गंभीर

**सिटी चीफ भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पाउडर कोटिंग फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर ब्लास्ट हो गया, जिससे वहां आग लग गई है। इस दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे चार कर्मचारी घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में रुचि रेस्टोरेंट के पास शुभ हास्पिटल है। इसके सामने माइकल इंडस्ट्री नाम की पाउडर कोटिंग कंपनी है। इसमें सात कर्मचारी काम करते हैं। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के समय सभी कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक से पाउडर कोटिंग भट्टी में ब्लास्ट हो गया। इससे दो पुरुष और दो महिलाएं घायल हो गई। महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है।



**आग से कुर्सी-फर्नीचर समेत अन्य सामान जला**

पाउडर कोटिंग भट्टी में ब्लास्ट के कारण फैक्ट्री में आग लग गई थी। इससे वजह से वहां रखी कुर्सी और फर्नीचर समेत अन्य सामान जल गया। दमकलकर्मियों ने बताया कि फायर कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना दोपहर 2.25 बजे भेजी गई थी। जिसके बाद मौके पर तीन दमकलें पहुंचीं और करीब 20 मिनट में आग को पूरी तरह काबू पाया गया।

**दमकलकर्मियों को नहीं जाने दिया अंदर**

दमकलकर्मियों ने बताया कि आग बुझने के बाद भी फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठ रहा था। ऐसे में हम लोग अंदर जाने लगे, लेकिन फैक्ट्री मालिक ने हम लोगों को अंदर जाने से रोक दिया। इस कारण पता नहीं चला सका कि अंदर क्या नुकसान हुआ और इससे कितने लोग घायल हुए।

**घायलों को समय पर नहीं मिला इलाज**

फैक्ट्री के प्रबंधक दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस घटना में कपिल, परमानंद, मधु और रुक्मणी नाम के कर्मचारी घायल हुए हैं। इन्हें लेकर हम हमीदिया अस्पताल पहुंचे, तो देर शाम तक केवल दो घायलों को ही भर्ती किया गया, जबकि दो लोगों को लेकर इधर से उधर भटकते रहे। हम निजी अस्पताल में इलाज कराना चाहते थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन वहां के लिए भी रेफर नहीं कर रहा है।

# स्कूल के छात्रावास में आठ साल की मासूम से दुष्कर्म

## मां ने पुलिस को बताए तीन आरोपितों के नाम, एफआईआर दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल।** राजधानी स्थित मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी आरोपित का पता नहीं चल पाया है। बच्ची की मां ने पुलिस को तीन आरोपितों के नाम बताए हैं। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक, आठ वर्षीय बच्ची को उसकी मां ने करीब 10 दिन पहले पढ़ने के लिए स्कूल में भर्ती कराया था। स्कूल के छात्रावास में उसके रहने का इंतजाम किया गया था।



**बच्ची को लेकर पुलिस थाने पहुंची मां**

सोमवार रात बच्ची ने मां को घटना की जानकारी दी तो वह रात में ही बच्ची को लेकर थाने पहुंच गई और मामले की शिकायत की। इस पर पुलिस ने तत्काल महिला उपनिरीक्षक के साथ बच्ची को अस्पताल भेजा, लेकिन बच्ची की मां ने रात में चिकित्सा परीक्षण कराने से मना कर दिया।

**चिकित्सा परीक्षण में घटना की पुष्टि हुई**

मंगलवार को चिकित्सा परीक्षण में घटना की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित पर दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की पहचान के लिए बुधवार से स्कूल के संचालक समेत अन्य कर्मचारियों से पूछताछ करेगी।

## मप्र में 2.46 लाख विद्यार्थी शालेय शिक्षा से बाहर

# अब स्कूल शिक्षा विभाग इन्हें ढूंढकर दिलाएगा प्रवेश

**सिटी चीफ भोपाल।** प्रदेश के लगभग 2.46 लाख विद्यार्थी स्कूली शिक्षा से बाहर हैं। वहीं 1.94 लाख विद्यार्थी किसी विकासखंड, जिला या राज्य से जा चुके हैं। प्रदेश के 8.12 लाख विद्यार्थियों की मैपिंग होना है। इसके अलावा 14 लाख विद्यार्थी ड्राप बाक्स की श्रेणी में हैं, यानी इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी मैपिंग से बाहर हैं। अगर ड्राप बाक्स में विद्यार्थी चिह्नित नहीं हो पाएंगे तो इन्हें स्कूलों से बाहर माना जाएगा। यह आंकड़ें राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से सभी जिले के कलेक्टरों को लिखे पत्र में जारी किए हैं।



राज्य शिक्षा केंद्र ने चिंता जाहिर की है कि जब 14 लाख बच्चे ड्राप बाक्स में हैं तो अगर इन्हें चिह्नित नहीं किया गया तो ये शाला त्यागी या पलायन की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का प्रोफाइल अपडेट कराया जा रहा है। इसमें शाला त्यागी, ड्राप बाक्स और 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को चिह्नित किया जा रहा है। इन सभी विद्यार्थियों की जानकारी मांगी गई है, ताकि इन्हें स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाए।

**डीईओ व डीपीसी पर जिम्मा**

राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को निर्देशित किया गया है कि ऐसे विद्यार्थी जो जिले के किसी अन्य गांव या विकासखंड में चले गए हैं। उनकी जानकारी 15 मई तक विभाग को उपलब्ध कराएं। वहीं जो विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण हो गए हैं, जिनकी एंट्री त्रुटिपूर्ण है या किसी विद्यार्थी की मृत्यु हो गई है, उनकी वास्तविक जानकारी अपडेट कराएं। विद्यार्थियों की ट्रैकिंग पेन (परमानेंट एजुकेशन नंबर) द्वारा की जा रही है। प्रदेश में करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का आधार पंजीयन है।

# घर का ताला तोड़कर स्कूटी चोरी की, फिर करने लगा शराब तस्करी

**सिटी चीफ भोपाल।** छोला मंदिर थाना पुलिस ने चोरी की स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिस स्कूटी से वह शराब ढो रहा था, वह उसने हाल ही में एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपित से पूछताछ करने पर चोरी के अन्य मामलों में भी सुराग मिल सकता है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक मेट्रो सिटी खेजड़ा बरामद निवासी चंद्रेश प्रजापति निजी काम करते हैं। चंद्रेश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि 24 अप्रैल को वह घर में ताला लगाकर परिवार सहित एक शादी में शामिल होने शहर से बाहर चले गए थे। 29 अप्रैल को वह वापस घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर में रखी एलसीडी और उनकी स्कूटी गायब थी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया था। उधर सोमवार रात पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान स्कूटी लेकर जा रहे एक युवक को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी में रखे छह कार्टन में अवैध शराब रखी पाई गई। जांच के दौरान पता चला कि स्कूटी भी चोरी की है। आरोपित की पहचान छोला मंदिर क्षेत्र में रहने वाले अरुण विश्वकर्मा के रूप में हुई। उसके खिलाफ पूर्व से भी कुछ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



# 10 वर्ष में दूसरी बार अप्रैल में 40.8 पर थमकर रह गया पारा

**सिटी चीफ भोपाल।** वातावरण में नमी रहने के कारण इस बार अप्रैल में गर्मी के तेवर ठंडे ही रहे। इस वर्ष अप्रैल माह में 29 अप्रैल को राजधानी में सबसे अधिक 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जो इस सीजन में भी दिन का सबसे अधिक तापमान रहा। इसके पहले वर्ष-2020 में 21 अप्रैल को अप्रैल माह का सबसे अधिक 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस मई माह के पहले सप्ताह में भी गर्मी के तेवर नर्म ही रहने के आसार है। छह-सात मई के आसपास राजधानी में बादल छा सकते हैं। साथ ही छिटपुट वर्षा भी हो सकती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस वर्ष मार्च के बाद अप्रैल माह की शुरुआत से उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला बना रहा। उनके प्रभाव से प्रेरित एवं प्रति चक्रवात भी बनते रहे। अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण बादल बने रहे। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के पश्चिमी एवं पूर्वी क्षेत्र में रुक-रुककर वर्षा होती रही। इस वजह से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। वर्तमान में भी एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से तापमान में अधिक बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। तीन मई को भी एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने के संकेत मिले हैं। उसके प्रभाव से चार-पांच मई को बादल छा सकते हैं। छह-सात मई को राजधानी सहित कई शहरों में हल्की वर्षा भी हो सकती है। इस वजह से मई के पहले सप्ताह में भी दिन के तापमान में अधिक बढ़ोतरी होने के आसार कम ही हैं।



# कोचुवेली-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन का ग्वालियर में होगा ठहराव



**ग्वालियर।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेन में यात्रियों के अतिरिक्त दबाव को कम करने के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस क्रम में रेलवे ने दक्षिण के कोचुवेली से नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर भी दिया गया है।

ये ट्रेन आगामी 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को कोचुवेली स्टेशन से दोपहर सवा दो बजे रवाना होगी। इसके बाद ये इटारसी, भोपाल, बीना, ग्वालियर होते हुए तीसरे दिन रात सात बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ये ट्रेन तीन जून तक प्रत्येक सोमवार को नई दिल्ली स्टेशन से सुबह 5:10 बजे प्रस्थान करेगी।

कोच्चुवेली से नई दिल्ली आने और जाने के दौरान रास्ते में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कोल्लम, कायमकुलम , चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टायम, एर्नाकुलम (दक्षिण), अलुवा, त्रिशूर, पलक्कड़ , पोदनूर, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, इरोड, सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, चित्तूर, तिरुपति मेन, रेनीगुंटा, गुडूर, ओंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, विदिशा, बीना, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा एवं हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर रुकेगी।

## बंधुआ मजदूर बनाकर कराता था काम इसलिए कर दी हत्या, ग्वालियर में हुए मर्डर का खुलासा

**ग्वालियर:** बीते दिनों मोहना थाना क्षेत्र में बीड़ी -सिगरेट की दुकान लगाने और वाहनों की धुलाई करने वाले आमिर खान की हत्या कर दी गई थी और उसका शव उसकी ही दुकान के भीतर मिला। उस अंधे कत्ल के पीछे किसका हाथ है आखिरकार पुलिस ने उसे खोज ही लिया। उसके सिर में लोहे का सब्बल मारकर हत्या हुई थी जिसके पीछे शिवपुरी जिले के रहने वाले वीरन आदिवासी का नाम सामने आया है। पुलिस ने 100 किमी क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और शक के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि आमिर खान व उसके मित्र इमरान खान उसे बंधुआ मजदूर बनाकर उससे जबरन काम करवा रहे थे। खाने के लिए रोटी मांगता तो गालियां देते थे। जब वह परेशान हो गया तो आमिर खान के सिर में सब्बल मारकर उसकी हत्या कर दी। बिना दस्तावेज सत्यापन के रखा था नौकर : इस हत्याकांड में हत्यारा उस दुकान पर काम करने वाला नौकर ही निकला। पुलिस को इसे खोजने में बहुत मशक्कत करना पड़ी। एक तरफ हत्या का होना और दूसरी तरफ नौकर का अचानक से गायब हो जाना शक पैदा कर रहा था। पुलिस ने जब खोजबीन शुरू की तो पता चला कि पता चला कि नौकर के कोई दस्तावेज मृतक ने लिए ही नहीं थे।

# पंजाब में किसानों के प्रदर्शन के कारण ट्रेनें घंटों लेट, यात्री हो रहे परेशान

**ग्वालियर।** पंजाब में चल रहे किसानों के प्रदर्शन के कारण जम्मू और पंजाब से आने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इस रूट की ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। स्थिति यह है कि जिन ट्रेनों को गत सोमवार को ग्वालियर पहुंचना था, वे एक दिन की देरी यानी मंगलवार को आ सकीं। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों ने अपनी यात्रा ही कैंसिल कर दी। स्थिति यह रही कि जिस सचखंड एक्सप्रेस को सोमवार की शाम 5:06 बजे ग्वालियर आना था, वह 15:26 घंटे की देरी से मंगलवार की सुबह 8:32 बजे आ सकी। यही कारण है कि मंगलवार को चलने वाली सचखंड एक्सप्रेस को 16:20 घंटे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। ऐसे में ये ट्रेन बुधवार को ग्वालियर आ सकेगी। लगभग यही स्थिति छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के साथ है। बुधवार को इस ट्रेन को अमृतसर में 9:20 घंटे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। मंगलवार को जम्मू से आने वाली झेलम एक्सप्रेस 4:32 घंटे, अमृतसर-दादर एक्सप्रेस छह घंटे से भी अधिक समय की देरी से ग्वालियर आ सकी। गौरतलब है कि अंबाला के पास शंभू बार्डर पर किसानों द्वारा रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके चलते ट्रेनों को लुधियाना से डायवर्ट किया जा रहा है। इसके चलते भी ट्रेनें लेट हो रही हैं। रूट पर ट्रेनें अधिक होने के कारण डायवर्जन का भी ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से 15 लाख ठगे

## दोस्त ने की वारदात

**ग्वालियर।** रोजगार की तलाश में शहर में आए एक युवक को उसके ही दोस्त और दोस्त के जीजा ने रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर ठग लिया। बेरोजगार युवक से 15 लाख रुपए लेकर रेलवे के फर्जी दस्तावेज थमा दिए।

दस्तावेजों के आधार पर युवक को नौकरी नहीं मिली तो उसने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। जिसके बाद मालूम चला कि सभी दस्तावेज फर्जी हैं। धोखाधड़ी का खुलासा होने पर जब उसने अपने दोस्त से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दे दी। जिसके बाद युवक ने थाने में जाकर पूरा मामला बताया और अपनी शिकायत दर्ज करवाई। दअरसल, यह मामला अनिल नामक युवक की शिकायत पर दर्ज हुआ था। उसने अपनी शिकायत में बताया कि डबरा के मगरौरा का रहने वाले अभिषेक शर्मा ग्वालियर के आमखो में एक मेडिकल पर अपने जीजा पंकज शर्मा के साथ काम करता था। वहीं चेतकपुरी के मेडिकल स्टोर चेतकपुरी पर लक्ष्मीगंज का रहने वाला अनिल पाल नामक युवक काम करता था। अनिल पाल और अभिषेक शर्मा के पिछले दस साल से दोस्त हैं।इसी का फायदा उठाकर अभिषेक शर्मा ने अनिल को झांसा दिया कि उसके जीजा की रेलवे में बड़ी पहचान है और वहां उसकी जुगाड़ से क्लर्क की नौकरी लगवा देंगे। अनिल पाल उसकी बातों में आ गया और लगभग ढाई लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद दिल्ली में अनिल का मेडिकल कराने ले गए वहीं उसे कुछ कागजात दिए गए। इसके बाद अनिल ने अभिषेक शर्मा को साढे बारह लाख रुपए भी भुगतान कर दिए गए।




ठगों ने पैसे लेने के बाद अगले दिन अनिल को अपने घर बुलाया जहां अनिल को साउथ ईस्टर्न रेलवे का अपाइंटमेंट लेटर थमा दिया। अनिल को इन ठगों ने घमरिया रेलवे स्टेशन टाटानगर झारखंड में ट्रेनिंग के लिए बुलाया। जहां पूर्व से मौजूद इन लोगों ने उसे एक स्थान पर ट्रेनिंग सेंटर के नाम पर ले गए औए एक सप्ताह तक ट्रेनिंग करने के लिए रखा।

इसी बीच अनिल को शक हुआ तो वह लौटकर ग्वालियर रेलवे कार्यालय में पहुंचा और उसने इन दस्तावेजों की सत्यता पता की । रेलवे के अधिकारी ने बताया कि यह सभी दस्तावेज फर्जी है। इसके बाद उसने अपने दिए हुए पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे पैसे वापस करने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली ।

## साम्पदकीय

# अब आरक्षण ही चुनावी मुद्दा बनकर मतदान को करेगा प्रभावित?

***सत्ता-पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मात्र दो ही मुख्य प्रचारक हैं, जो जनता को आश्वस्त करने में जुटे हैं कि लोकतंत्र और संविधान को कुछ नहीं होने वाला है। उनके अलावा, आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी सफाई दी है कि संघ ने हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का समर्थन किया है।***

अब विकास, भारत सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और उसके प्रधानमंत्री की विराट, वैश्विक हैसियत और तीसरे स्थान की आर्थिक महाशक्ति बनने सरीखे मुद्दे तो नेपथ्य में चले गए हैं अथवा प्रसंगवश बन गए हैं, लेकिन आरक्षण एक राष्ट्रीय, केंद्रीय मुद्दा बन गया है। चूंकि आरक्षण सीधा संविधान और दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों से जुड़ा मुद्दा है, लिहाजा ग्रामीण स्तर पर भी लोग चिंता जताने लगे हैं कि क्या देश का संविधान बदल दिया जाएगा? तो फिर आरक्षण भी समाप्त किया जा सकता है? यह कांग्रेस और सहयोगी दलों की पहली चुनावी सफलता लगती है कि फिलहाल संविधान और आरक्षण राष्ट्रीय मुद्दे बन गए हैं। गली-गली, मुहल्ला-दर-मुहल्ला इनकी ही चर्चा है। लोग इन्हीं मुद्दों को लेकर आशंकित हैं। अभी यह तय नहीं है कि इनसे ध्रुवीकरण होगा, तो कितना होगा? लेकिन भाजपा देश के कटघरे में है, क्योंकि उसे ही जनता को पूरी तरह आश्वस्त करना है कि संविधान किसी भी स्थिति में बदला नहीं जाएगा और आरक्षण लागू है तथा जारी रहेगा। बल्कि उसका दुरुपयोग बंद कराया जाएगा। दरअसल बहस भाजपा सांसदों-अनंत हेगड़े और लल्लू सिंह के बयानों से ही शुरू हुई कि 400 पार के नारे और लक्ष्य के मकसद क्या हैं? उसी के आधार पर कांग्रेस ने आरोप चस्पा करने शुरू किए कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा-संघ 400 सीटों का जनादेश इसलिए मांग रहे हैं, ताकि संसद में पर्याप्त बहुमत के जरिए संविधान बदला जा सके और आरक्षण भी समाप्त किया जा सके।

राहुल गांधी तो कहते रहे हैं कि भाजपा-संघ की बुनियादी सोच आरक्षण-विरोधी है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रचारक नेताओं के आरोप हैं कि पिछड़ों के आरक्षण की आड़ में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को पिछड़ा घोषित कर उन्हें आरक्षण दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को जिस तरह 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है, वह असंवैधानिक है। हम चुनाव के बाद इस मामले को देखेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, यह सर्वोच्च अदालत का भी फैसला है। कांग्रेस की वजह से ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में एससी, एसटी, ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं है। कांग्रेस और विपक्ष इसका जवाब दें। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के बेल्लारी में याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आरक्षण लागू नहीं हो पाया था। भाजपा-एनडीए की सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया। उसके बाद ही भाजपा ने वहां आरक्षण लागू किया है। इस राजनीतिक बहस का जनता के मानस पर काफी असर पड़ेगा। इसका फलितार्थ यह भी हो सकता है कि जिन राज्यों में भाजपा ने 100 फीसदी सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया था, वहां यह सफलता मिलने के आसार कम होते जा रहे हैं। राजस्थान और उप्र इनके उदाहरण बताए जा रहे हैं। सत्ता-पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मात्र दो ही मुख्य प्रचारक हैं, जो जनता को आश्वस्त करने में जुटे हैं कि लोकतंत्र और संविधान को कुछ नहीं होने वाला है। उनके अलावा, आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी सफाई दी है कि संघ ने हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का समर्थन किया है। जब तक संवैधानिक तौर पर आरक्षण अनिवार्य लगे, तब तक यह जारी रहना चाहिए। राहुल गांधी को संघ प्रमुख के बयान पर भरोसा नहीं है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान 2015 में संघ प्रमुख ने कहा था कि आरक्षण की समीक्षा की जानी चाहिए। उस बयान के बाद भाजपा के लिए चुनाव पर पानी फिर गया था। अभी उप्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों में मतदान होने हैं। केरल की 20 सीटों पर मतदान हो चुका है। इन राज्यों में मुसलमानों की आबादी काफी है। यदि मुस्लिम आरक्षण एक चुनावी मुद्दा बनता है, तो उससे गैर-मुस्लिम एकजुट हो सकते हैं। भाजपा भी ऐसा करने में जुट सकती है, लिहाजा आरक्षण ही चुनावी मुद्दा बनकर अगले चरणों के मतदान को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर एक वर्ग ऐसा भी है जो चाहता है कि आरक्षण आर्थिक आधार पर दिया जाना चाहिए। इससे सभी जातियों के गरीब लोगों को आरक्षण मिल जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अगर कोई ऐसा करना चाहता है, तो उसे रोक दिया जाता है।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में

**भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है।**



मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देशभर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारतभर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमश 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था- एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है। वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दशार्ता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियां प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गांव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहां के सामाजिक ढांचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है।

# आरएसएस सांप्रदायिक से भी ज्यादा वर्ण और जातिवादी

एक महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण डॉ. हेडगेवार द्वारा 1925 में स्थापित आरएसएस अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। आज यह देश का सबसे बड़ा और मजबूत संगठन है। पिछले 10 सालों से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। इस एक दशक में आरएसएस का तेजी से विस्तार हुआ है। देश की तमाम संस्थाओं पर आरएसएस का कब्जा है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, श्रीराम सेना जैसे सैकड़ों उसके आनुषंगिक संगठन हैं। आरएसएस देश का एक ऐसा संगठन है जिसकी गतिविधियां अनिवार्य रूप से प्रतिदिन संचालित होती हैं। इनमें शारीरिक व्यायाम और बौद्धिक चर्चा शामिल है। आरएसएस का दावा है कि आज पूरे देश में गांव कस्बों से लेकर शहरों महानगरों तक पसरी करीब 58 हजार शाखाएं हैं। पिछले 10 वर्षों में शाखाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। शिक्षण संस्थानों से लेकर विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में आरएसएस के लोगों का दबदबा है। वास्तव में, ऐसी तमाम संस्थाओं की कार्य योजनाओं और नीतियों में आरएसएस का प्रभाव और रुतबा बढ़ा है। ये संस्थान आरएसएस के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रतिबद्ध प्रचारक हैं। इसलिए माना जाता है कि आज की भारत सरकार प्रकारांतर से आरएसएस की ही सरकार है। आरएसएस की स्थापना के समय से ही भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना, उसका लक्ष्य रहा है। इसीलिए गांधीजी और कांग्रेस के नेतृत्व में चलने वाले स्वाधीनता आंदोलन में आरएसएस कभी शामिल नहीं हुआ। सच तो यह है कि आरएसएस कई बार अंग्रेजों के साथ खड़ा दिखाई दिया। कांग्रेस में रहते हुए हेडगेवार स्वाधीनता आंदोलन के दौरान दो बार जेल गए थे। लेकिन आरएसएस की स्थापना के बाद उन्होंने दूसरा रास्ता अख्तियार कर लिया था। दूसरे सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर ने अपनी किताब %वी ओर अवर नेशनहुड डिफाइंड% (1939) में लिखा है कि 1930-31 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से संघ के स्वयंसेवकों को दूर रहने का आह्वान किया गया था।

हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे वी. डी. सावरकर ने 1923 में अपनी किताब %हिंदुत्व - हू इज ए हिंदू% में हिंदू शब्द को परिभाषित किया है। सावरकर के अनुसार वही हिन्दू है जिसकी पुण्य भूमि और पितृ भूमि दोनों भारत में है। हिंदुत्व एक राजनीतिक विचारधारा है। इसके तीन शत्रु हैं- मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट। द्विराष्ट्र के सिद्धांतकार सावरकर के हिंदुत्व के आधार पर आरएसएस ने हिंदू राष्ट्रवाद की अवधारणा निर्मित की। आर्य नस्लवाद के आधार पर आरएसएस के हिंदुत्व को सैन्य रूप देने के लिए हेडगेवार के गुरु बीएस मुंजे ने इटली की यात्रा की। 1931 में मुंजे ने इटली के फासीवादी तानाशाह मुसौलिनी से मुलाकात की। मुंजे ने मुसौलिनी की सैन्य रणनीति और सैन्य संगठन से गुर सीखे। इसी आधार पर 1934 में मुंजे ने पूना में भोंसले सैनिक स्कूल खोला। गांधीजी के नेतृत्व में राजनीतिक आजादी के आंदोलन के समानांतर डॉ आंबेडकर के नेतृत्व में सामाजिक आजादी का आंदोलन चल रहा था। आंबेडकर दलितों-शूद्रों को अंग्रेजी सत्ता और देसी सामंतों की दोहरी गुलामी से मुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे थे। दलित हितों के संरक्षण और देश के नवनिर्माण के लिए डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में बतौर प्रारूप समिति के अध्यक्ष और नेहरू सरकार में कानून मंत्री के तौर पर बड़ी भूमिका अदा की। नेहरू ने ऐसे ही एक हमलावर पर सिपाही से बंदूक लेकर तानते हुए कहा था कि %उसने एक भी कदम बढ़ाया तो वे गोली मार देंगे।% इन हमलों से गांधी जी बेहद आहत थे। इसीलिए कलकत्ता से पंजाब विशेषकर पाकिस्तान के हिस्से वाले पश्चिमी पंजाब जाने के लिए निकले गांधी जब 9 सितंबर 1947 को दिल्ली पहुंचे, तो दंगों की आशंका से घिरे दिल्ली में शांति स्थापित करने के मकसद से वे यहीं रुक गए। बिरला भवन में शाम की प्रार्थना के समय 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे नामक मराठी ब्राह्मण ने गांधी की हत्या कर दी। नाथूराम ने अपने बयान में कहा था कि वह गांधी की मुस्लिम और पाकिस्तान परस्ती के कारण क्षुब्ध था। गांधी पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपया (बंटवारे के हिस्से की रकम) देने के लिए भारत सरकार पर दबाव डाल रहे थे। इसलिए उसने गांधी की हत्या की। जबकि सच्चाई कुछ और है। यह गांधी पर किया गया छठां हमला था। 1934 में गांधी पर पहला हमला तब हुआ था जब गांधी दलितों के उद्धार के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रहे थे।

आरएसएस जितना सांप्रदायिक है, उससे भी ज्यादा वर्ण और जातिवादी है। आरएसएस का हिंदुत्व दरअसल नया ब्राह्मणवाद है। गोलवलकर ने एक तरफ मुसलमानों और ईसाइयों को भारत से बाहर निकालने की बात की तो दूसरी तरफ वर्ण व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए इसे कठोरता से लागू करने का संदेश दिया। संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर (जनवरी 2, 1961) के अनुसार गोलवलकर ने अपने एक संबोधन में कहा था कि, आज हम अपनी नासमझी की वजह से वर्ण व्यवस्था को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि यही वह व्यवस्था है जिसकी वजह से अधिकारात्मकता पर नियंत्रण करने की महान कोशिश की गई है।... हमारे समाज में कुछ लोग बौद्धिक, कुछ लोग पैदावार में माहिर, कुछ लोग दौलत कमाने में और कुछ मेहनत करने की क्षमता रखते हैं। हमारे पूर्वजों ने मोटे तौर पर ये चार विभाजन किए थे। वर्ण व्यवस्था कुछ और नहीं बल्कि उन चार विभाजनों के बीच संतुलन स्थापित करना है, इसके जरिए हर आदमी समाज की सेवा अपनी बेहतरीन क्षमता द्वारा कर सकता है जो उसने वंशानुगत रूप से विकसित की है। अगर यह व्यवस्था जारी रहती है तो हर व्यक्ति के जीवन यापन के लिए उसके जन्म से ही कार्य सुरक्षित रहेगा।भारतीय गणतंत्र के 75वें साल में 18वीं लोकसभा के चुनाव का एलान हो चुका है. आरएसएस प्रचारक से प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने इस चुनाव में 400 सीटें जीतने का नारा दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी के नेता घोषित तौर पर संविधान बदलने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान कर रहे हैं। आरएसएस का यही असली मकसद है कि डॉ अंबेडकर के संविधान को मिटाकर मनुस्मृति के आधार पर संविधान लिखा जाए और भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए। लेकिन इस देश का दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज उस संविधान को बदलने के लिए बीजेपी को वोट करेगा जो उन्हें संरक्षित करता है?

# क्या भाजपा संविधान हटाना चाहती है?




दो वर्ष 11 माह 18 दिन की मशक्कत के बाद 25 नवम्बर 1949 को संविधान का ड्राफ्ट तैयार हुआ था। 30 नवम्बर 1949 के आर एस एस के मुखपत्र आर्गनाइजर में संपादकीय लिखा गया वर्तमान संघ प्रमुख मोहन भागवत के पूर्व संघ प्रमुख रहे के सुदर्शन ने बीबीसी को दिए साक्षात्कार में संविधान को स्वीकार करने से इंकार किया था। वर्तमान संघ प्रमुख मोहन भागवत अनेक अवसरों पर भारत के संविधान में बदलाव कर उसे भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों के अनुरूप किए जाने की मांग कर चुके हैं। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि संघ के विचार में मनु स्मृति भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों के अनुरूप है।1 फरवरी 2000 को अटल सरकार ने न्यायमूर्ति एम एन वेंकटचलैया की अगुवाई में संविधान समीक्षा आयोग का गठन किया। तत्कालीन राष्ट्रपति के आर नारायण तक ने उसकी आलोचना की।हाल ही में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य बिबेक देबरॉय ने अपने लेख 'देयर इज केस फार वी द पीपल टू एंब्रेस ए न्यू कॉन्स्टिट्यूशन में वर्तमान संविधान के स्थान पर नये संविधान की आवश्यकता पर जोर दिया। राम की नगरी अयोध्या से भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह, भाजपा के मेरठ से लोकसभा प्रत्याशी अरुण गोविल, नागौर से लोकसभा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा, कर्नाटक से सांसद अनंत हेगड़े सहित अन्य अनेक भाजपा नेता संविधान बदलने की अपनी मंशा बता चुके हैं। यह उनके एजेंडे में शीर्ष प्रथमिकता में है। लेकिन यहाँ यह विचारणीय है कि संघ या भाजपा ऐसा क्यों करना चाहते हैं। संविधान बदलने से क्या हासिल करना चाहते हैं? इस विषय पर अलीगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री मधु मिश्र ने, संविधान क्यों बदलना आवश्यक है, को थोड़ा विस्तार से बताया। अपने सारगर्भित संबोधन में मधु मिश्र ने कहा- यहाँ कुछ विप्र बंधुओं के अलावा भी जो बंधु बैठे हैं मैं उनसे क्षमा चाहती हूं। आज तुम्हारे सर पर बैठकर संविधान के सहारे जो राज कर रहे हैं वो कभी तुम्हारे जूते साफ़ किया करते थे। 'संविधान की बदौलत वो आज तुम्हारे हुजूर हो गए हैं जिन्हें तुम बराबर में बैठाना पसंद नहीं करते संघ समान नागरिक संहिता की वकालत करता है तो अल्पसंख्यकों के सभी विशेषाधिकारों, शिक्षण संस्थानों के विशेष दर्जे के खिलाफ है। संघ, भाजपा पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण के हमेशा खिलाफ रहा है। महिलाओं के लिए भी उसका एजेंडा मनुस्मृति के अनुरूप है। इन सभी विषयों पर अपनी विचारधारा के अनुसार एक एक कर बदलाव लाने की अपेक्षा संविधान बदलकर एक साथ अपने एजेंडे को पूरा किया जा सकता है!

# रामायण में कैकेयी की भूमिका पर लारा ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- कौन इसका हिस्सा नहीं बनना चाहेगा?

इन दिनों फिल्मी गलियारों में अगर किसी चीज की सबसे यादा चर्चा हो रही है तो वह है नितेश तिवारी की रामायण। इसे लेकर रोज नई खबरें आती हैं। नई तस्वीरें जारी होती हैं। अलग-अलग सूत्रों से फिल्म की शूटिंग से लेकर स्टारकास्ट तक के दावे किए जाते हैं। मगर, सही मायनों में अभी तक किसी को अता-पता नहीं कि यह फिल्म कहां बन रही है और कहां इसकी शूटिंग चल रही है। बीते दिनों खबर आई थी कि रामायण में लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका निभा रही हैं। इसे लेकर अब खुद लारा दत्ता ने प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। बीते दिनों दोनों का लुक भी वायरल हुआ, हालांकि इसकी पुष्टि कहीं से नहीं हुई। इसके अलावा फिल्म के और भी कई किरदारों को लेकर सितारों के नामों की चर्चा है। इसी कड़ी में रिपोर्ट्स् के आधार पर कहा गया कि लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका निभाएंगी। अब लारा ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। रामायण में कैकेयी की भूमिका को लेकर चल रहीं तमाम खबरों को लेकर लारा दत्ता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मुझे भी इन अफवाहों के बारे में पढ़ना और सुनना अच्छा





लग रहा है। इसलिए कृपया इन्हें जारी रखें। आखिर रामायण का हिस्सा कौन नहीं बनना चाहेगा? लारा दत्ता ने बातचीत में यह भी बताया कि रामायण में वह और कौन से किरदार निभाना पसंद करेंगी। लारा ने हंसते हुए कहा, इसमें ऐसे बहुत से किरदार हैं जिन्हें मैं निभाना पसंद करती अगर यह मुझे ऑफर किया जाता। उन्होंने कहा कि वह शूर्पणखा, मंदोदरी का भी रोल निभाना पसंद करेंगी। अब लारा दत्ता की तरफ से कही गईं इन बातों के बाद हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि आखिर वह कौन सा रोल निभा रही हैं। वह इस फिल्म का हिस्सा बनेंगी भी या नहीं? बता दें कि बीते दिनों सेट से लारा दत्ता की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। इसमें वह लाल और गोल्डन रंग की साड़ी और भारी-भरकम वैलरी में नजर आई थीं। हालांकि, फिलहाल इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

# शाहरुख खान ने क्रिकेटर विराट कोहली के साथ बनाया रिश्ता, बोले- वो दामाद हैं हमारे

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया है। इनकी फिल्में भी रिलीज हुई हैं, जिसमें इनकी जोड़ी को खूब पसंद भी किया गया है। अनुष्का ने तो अपने फिल्मी करियर की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से की थी। शाहरुख खान ने अब विराट के संग एक नया रिश्ता जोड़ लिया है। शाहरुख ने अनुष्का के पति और क्रिकेटर विराट कोहली को बॉलीवुड का दामाद बताया है।





# इन पाकिस्तानी कलाकारों के साथ 'हीरामंडी' बनाना चाहते थे भंसाली, मौजूदा कास्ट नहीं थी पहली पसंद

संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी हैं। आज यानी 1 मई से 'हीरामंडी' नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने लगेगी। हाल ही में, निर्देशक लॉस एंजिल्स में इसकी विशेष स्क्रीनिंग का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान भंसाली ने खुलासा किया कि पाकिस्तानी कलाकार माहिरा खान और फवाद खान के 'हीरामंडी' में मुख्य भूमिका के लिए विचार किया गया था। उन्होंने यह भी साझा किया कि 'हीरामंडी' को लेकर उनके मन में पिछले 18 सालों से विचार चल रहा था। साक्षात्कार के दौरान भंसाली ने यह भी बताया कि 'हीरामंडी' की मौजूदा कास्ट पहली पसंद नहीं थे।



## ये सितारे थे हीरामंडी के लिए पहली पसंद

निर्देशक संजय लीला भंसाली ने कहा, 'मेरे दिमाग में कई पात्र थे। यह विचार मेरे दिमाग में पिछले 18 सालों से चल रहा था। मैं रेखा जी के बारे में सोच रहा था फिर मैंने करीना कपूर खान और रानी मुखर्जी के बारे में विचार बनाया। यह उस समय की एक फिल्म थी। मेरे दिमाग में पाकिस्तानी कलाकार माहिरा खान, इमरान अब्बास और फवाद खान के नाम भी एक समय आएं, लेकिन मैंने फिल्म को मौजूदा कलाकारों के साथ पूरा किया।'

## पाकिस्तान में थी 'हीरामंडी' की चर्चा

'हीरामंडी' के निर्माण की घोषणा से ही यह चर्चा में बनी हुई है। खासकर इसमें भूमिका निभाने वाले सितारों के कारण। साल 2021 में कोविड-19 महामारी के बीच इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गई थी। भारत में ही नहीं भंसाली के इस परियोजना ने पाकिस्तान में भी एक बहस छेड़ दी थी। पाकिस्तान के कई सितारों ने कहा कि पाकिस्तानी फिल्म निर्माताओं को भी ऐसी कहानियों पर काम करना चाहिए।

## शक्ति, प्रेम और स्वतंत्रता की कहानी है हीरामंडी

'हीरामंडी' आज यानी 1 मई से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। 'हीरामंडी' आजादी के पहले अंग्रेजों के जमाने की दुनिया दिखाएगी, जहां तवायफें कभी रानियां हुआ करती थीं। यह सीरीज लाहौर के रेड लाइट शहर हीरामंडी की अनकही कहानियों को भी उजागर करेगी। कहा जा रहा है कि सीरीज शक्ति, प्रेम और स्वतंत्रता की कहानी को प्रदर्शित करेगी। 'हीरामंडी' में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, संजीदा शेख, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल, फरदीन खान, शेखर सुमन, अध्ययन सुमन और अन्य कलाकार अभिनय करते हुए नजर आएंगे।

# एक बार फिर लगेगी फुलेरा गांव में पंचायत, सचिव जी ने रिलीज डेट को लेकर बढ़ाया फैंस का उत्साह

अमेजन टीवी का शो पंचायत अब तक के सबसे पसंदीदा वेब शो में से एक बन गया है। जहां शो के पहले दो सीजन को दर्शकों ने पसंद किया है। वहीं, तीसरे सीजन को लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्सुकता देखी जा रही है। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने सीरीज से तीसरे सीजन को लेकर एक बार फिर फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। हाल ही में, जितेंद्र कुमार ने एक वीडियो जारी कर लोगों से शो की रिलीज की तारीख जानने के लिए लौकिस से बाहर निकलने के लिए कहा। इस वीडियो के बाद से ही प्रशंसक शो की रिलीज डेट जानने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो के बाद से ऐसा लग रहा है कि शो के प्रशंसक आखिरकार राहत की सांस ले



सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह शो मई के अंत तक यानी 28 मई को रिलीज होने की उम्मीद है। कुछ समय पहले ही जितेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिर से अपने फैंस को बताया कि उनका इंतजार लगभग खत्म हो गया है। मालूम हो कि पंचायत सीरीज में जितेंद्र कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा कुछ प्रमुख चेहरे जैसे रघुबीर यादव, फैसल मलिक, नीना गुप्ता और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। जितेंद्र के इस वीडियो के साझा करते ही लोगों ने अपना उत्साह व्यक्त किया। एक यूजर ने कहा, न जाने कब से सीजन 3 का इंतजार कर रहे हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, एक बार फिर फुलेरा गांव की कहानी देखकर मजा आएगा। वहीं, एक और यूजर ने लिखा, इंतजार लंबा था, लेकिन अब इसका फल चखने को जरूर मिलेगा। मालूम है कि सीरीज की कहानी फुलेरा गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सीरीज में दिखाया गया है कि जब जितेंद्र का चरित्र पंचायत में काम करने के लिए वहां जाता है, तो उसे गांव के जीवन के साथ तालमेल बिठाने में कठिनाई होती है।

# मशहूर गीतकार समीर अंजान के बेटे हैं सिद्धेश, 23 साल की उम्र में पहली डॉक्यूमेंट्री रिलीज

गीतकार समीर अंजान के 23 साल के बेटे सिद्धेश पांडे शुरू से ही कैमरे के पीछे रहकर फिल्म मेकर बनना चाहते थे। वह अपनी पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म से जुड़ी कुछ खास बातें सिद्धेश ने साझा की।

**सिद्धेश की पहली फिल्म**

सिद्धेश पांडे जल्द ही अपनी पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज करने जा रहे हैं, जिसका नाम रिस्क टेकर्स है। सिद्धेश ने कहा, मेरी पहली फिल्म से मेरी खुदकी कई भावनाएं जुड़ी हैं, यह डक्यूमेंट्री मेरे काम को दर्शाती है, कि मैं किस तरह का निर्देशक हूं। मैं हमेशा से फिल्मों और संगीत से जुड़ा रहा हूं। तो मुझे पता है कि मैं किस दुनिया में अपना करियर बनाने जा रहा हूं।

**पिता की दी हुई सीख**

इस सफर में सिद्धेश के पिता समीर अंजान की अहम भूमिका





रही। सिद्धेश के पिता समीर चाहते थे कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएं जो आम जनता से मिलती-जुलती हो। एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धेश ने कहा मेरे पिता ही मेरे ज्ञान का श्रोत हैं। जब भी कठीन भरे दिन आए, उनकी दी गई सीख ने मुझे मजबूत बनाए रखा। सिद्धेश पांडे के पिता समीर अंजान प्रसिद्ध बॉलीवुड गीतकार हैं जो दिल दे दिया है, अपने, साजन तुमसे प्यार जैसे कई बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। समीर के यादातर गाने हिट हुए और इनके द्वारा लिखें गए गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। समीर के पिता अंजान भी प्रसिद्ध हिंदी गीतकार थे। समीर के पास सबसे अधिक गीत लिखने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उन्होंने लगभग 650 फिल्मों में 4000 से अधिक गाने लिखे हैं। उन्हें यश भारती पुरस्कार भी मिला है। अब समीर अंजान के बेटे सिद्धेश पांडे से उनके फैंस को बेहद उम्मीदें हैं।

# जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग हुई शुरू, इस दिन अजमेर पहुंचेंगे अक्षय कुमार

अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी (2013) और अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 2 (2017) को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। अब दोनों सितारे एक साथ फिल्म के तीसरे भाग में नजर आने वाले हैं। फैंस के लिए यह किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। इस फिल्म को लेकर लोगों में जबर्दस्त उस्ताह है। इस बीच फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अरशद वारसी ने फिल्म की शूटिंग अजमेर (राजस्थान) में शुरू कर दी है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि फिल्म की शूटिंग 29 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। वहीं, अक्षय कल यानी 2 मई से अजमेर में शूटिंग शुरू करेंगे। जॉली एलएलबी 3 से पहले भी अक्षय और अरशद एक साथ कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू बिखेर चुके हैं। सबसे पहले दोनों ने 2002 में जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी में स्क्रीन स्पेस साझा किया था। इसके बाद वे 2022 में बच्चन पांडे में साथ दिखे थे। वर्तमान समय में दोनों वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं।रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि अभिनेता अगले महीने इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली में करेंगे। सूत्र के मुताबिक दिल्ली में शूटिंग जून से शुरू होकर 30-40 दिनों तक चलेगी। निर्माता तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास बड़े पैमाने पर शूटिंग करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अक्षय की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अक्षय जल्द ही स्काई फोर्स और सोरारई पोट्टरू के हिंदी रीमेक में भी नजर आने वाले हैं।





# यूके के सांसद बैरी गार्डिनर ने गर्मजोशी से किया सलमान का स्वागत, बोले- टाइगर जिंदा है...

सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। हाल ही में उनके घर के बाहर हुई गोलीबारी की वारदात के बाद से ही वे लगातर सुर्खियों में हैं। इस घटना के बाद से ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हाल ही में अभिनेता लंदन पहुंचे, जहां उन्होंने ब्रेंट नॉर्थ निर्वाचन क्षेत्र से यूके के सांसद बैरी गार्डिनर से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों की मुलाकात काफी दिलचस्प रही। सातवीं बार ब्रेंट नॉर्थ के सांसद के रूप में चुने गए बैरी ने इन इन फोटोज को अपने एक्स हैंडल से साझा किया। तस्वीरों में दोनों को वेम्बली स्टेडियम में देखा जा सकता है। काले रंग की टी-शर्ट में सलमान हैंडसम लग रहे हैं। उन्होंने जैकेट और ट्राउजर के साथ खुद को स्टाइल किया था। साथी ही, उन्होंने धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया। फोटोज में सलमान गार्डिनर के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं और दोनों खुशी-खुशी कैमरे के सामने पोज देते हुए दिख रहे हैं। इन फोटोज के साथ गार्डिनर ने कैप्शन में लिखा, टाइगर जिंदा है और लंदन में है... आज वेम्बली में सलमान खान का स्वागत करते हुए खुशी हुई। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान को बड़े पर्दे पर आखिरी बार मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में थे। वहीं, शाहरुख खान ने इसमें कैमियो किया था। इस फिल्म के बाद वे जल्द ही एक्शन-कॉमेडी फिल्म सिंकदर में नजर आएंगे। एआर मुरुगदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने की तैयारी है। फिल्म में प्रीतम का संगीत होगा। रेडी, बॉडीगार्ड, बजरंगी भाईजान, ट्यूबलाइट और टाइगर 3 के बाद प्रीतम और सलमान पांचवीं बार साथ काम कर रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर धराशायी हुई रुसलान, बड़े मियां छोटे मियां-मैदान ने की इतनी कमाई

सिनेमाघरों में इन दिनों बहुत सी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। हालांकि, यादातर फिल्मों को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। हाल ही में रिलीज हुई आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। वहीं, बड़े मियां छोटे मियां और मैदान भी उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर सकी हैं। आइए जानते हैं कि बुधवार को किस फिल्म का प्रदर्शन कैसा रहा...

आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई है। फिल्म में आयुष दमदार एक्शन में नजर आए हैं, लेकिन दर्शकों को उनका यह अवतार लुभा नहीं सका है। करण एल भूटानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का पहले दिन से ही प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।



खराब वीकएंड के बाद फिल्म कामकाज वाले दिनों में धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पांचवें दिन फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म की कुल कमाई अब तीन करोड़ 25 लाख रुपये हो गई है।

अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। बड़े बजट में बनकर तैयार हुई यह फिल्म अब तक 100 करोड़ तक भी नहीं पहुंच सकी है। 19वें दिन बड़े मियां छोटे मियां ने 40 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, 20वें दिन यह फिल्म महज 45 लाख रुपये ही बटोर सकी। फिल्म की कुल कमाई अब 61.55 करोड़ रुपये हो गई है।

शैतान के बाद रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म मैदान अब तक अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। फिल्म की रफ्तार काफी सुस्त है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 20वें दिन फिल्म ने 66 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 43.91 करोड़ रुपये हो गई है।

# दो हिस्सों में बंटा 127 साल पुरानी गोदरेज फैमिली, जानें किसके हिस्से में क्या आया

**नई दिल्ली** । 127 साल पुराने गोदरेज फैमिली अब दो हिस्सों में बंट चुका है। बंटवारे के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के बाद जारी बयान के मुताबिक आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर के हिस्से में गोदरेज इंडस्ट्रीज आई है। इसकी पांच कंपनियां गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज एग्रोवेट और एस्टेक लाइफसाइंसेज लिस्टेड हैं। आदि गोदरेज के चचेरे भाई-बहन जमशेद और स्मिता को नॉन-लिस्टेड कंपनी गोदरेज एंड बॉयस का मालिकाना हक मिलेगा। इन दोनों को गोदरेज एंड बॉयस से जुड़ी कंपनियों के साथ-साथ मुंबई में बड़ा प्लॉट और महत्वपूर्ण संपत्ति भी मिलेगी। गोदरेज ग्रुप का कारोबार साबुन, होम अप्लायंस से लेकर रियल एस्टेट तक फैला है। इन हिस्सेदारों के बीच बंटा कारोबार~ गोदरेज ग्रुप के बयान के मुताबिक समूह को संस्थापक परिवार की दो शाखाओं के बीच बांट दिया गया



है। इसमें एक हिस्सा 82 साल के आदि गोदरेज और उनके 73 साल के भाई नादिर को मिलेगा। दूसरी तरफ इनके चचेरे भाई-बहन हैं, जिनमें 75 साल के जमशेद गोदरेज और 74 साल की स्मिता गोदरेज कृष्णा हैं। आदि, नादिर, जमशेद, स्मिता और ऋष्द के पास गोदरेज और बॉयस में लगभग 10त्न हिस्सेदारी है, जबकि लगभग 24त्न पिरोजशा गोदरेज फाउंडेशन और 27त्न गोदरेज इन्वेस्टमेंट्स के पास है। पांच सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 2.4 लाख करोड़ रुपये (29 अरब डॉलर), रेवेन्यू 41,750 करोड़ रुपये (5 अरब डॉलर) से अधिक और मुनाफा 4,175 करोड़ रुपये (500 मिलियन डॉलर) है। गोदरेज एंड बॉयस का राजस्व लगभग 2 बिलियन डॉलर और टैक्स से पहले आय 72 मिलियन डॉलर है। बंटवारे की प्रक्रिया को गोदरेज परिवार ने गोदरेज कंपनियों में शेयरधारकों के मालिकाना हक का पुनगर्ठन बताया है। दोनों ग्रुप गोदरेज ब्रांड का उपयोग जारी रखेंगे। बंटवारे के बावजूद दोनों पक्ष अपनी साझा विरासत को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोदरेज ग्रुप के बयान में कहा गया है कि आदि के बेटे पिरोजशा जीआईजी (गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप) के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन होंगे और अगस्त 2026 में चेयरपर्सन के रूप में नादिर गोदरेज की जगह लेंगे। यह देखना बाकी है कि गोदरेज एंड बॉयस के तहत समूह की 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की रियल एस्टेट संपत्ति को दोनों पक्षों के बीच कैसे विभाजित किया जाएगा। नादिर गोदरेज ने कहा, गोदरेज की स्थापना 1897 में भारत के लिए आर्थिक स्वतंत्रता के निर्माण में मदद करने के लिए की गई थी। 125 साल बाद भी हम जो हैं, उसका आधार बना हुआ है। हम इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

# इंडियन ऑयल का मुनाफा चौथी तिमाही में 52 फीसदी घटा

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में आईओसी का मुनाफा 52 फीसदी घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के बोर्ड ने 7 रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। आईओसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा आधे से भी कम होकर (52 फीसदी) घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में आईओसी को 10,059 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24



की चौथी तिमाही में उसका राजस्व घटकर 2.21 लाख करोड़ रुपये रह गया है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसने 2.28 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। इसी तरह कंपनी की परिचालन आय 3 फीसदी घटकर 2.19 लाख करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2.26 लाख करोड़ रुपये थी। आईओसी ने बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में तेल कीमतों में कटौती और पेट्रोकेमिकल खंड में घाटा होने से उसके लाभ में कमी आई है। चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बोर्ड ने 7 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का 70 फीसदी है। कंपनी इसका 30 दिनों के अंदर भुगतान करेगी।

# 1.3 करोड़ निवेशकों के KYC कंप्लीट नहीं होने पर खाते किए गए होल्ड, नहीं निकाल पाएंगे पैसे

**नई दिल्ली** । केवाईसी रजिस्ट्रेशन करने वाली इकाइयां यानी केआरए ने मंगलवार को कहा कि सेबी के नियामक दायरे में आने वाले लगभग 11 करोड़ निवेशकों में से, लगभग 1.3 करोड़ खाते होल्ड पर हैं। इसका मतलब यह है कि ये निवेशक इनका इस्तेमाल करके स्टॉक, म्यूचुअल फंड और कमोडिटी में ट्रांजैक्शन नहीं कर सकते हैं। क्योंकि, ये विभिन्न वजहों से सेबी के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। पांच केआरए ने संयुक्त रूप से एक विस्तृत विज्ञप्ति जारी की है। विभिन्न श्रेणियों के तहत केवाईसी को रिक्लासिफाई करने की आवश्यकता तब हुई, जब यह पाया गया कि कई निवेशकों के केवाईसी अभी भी पैन और आधार के साथ अपडेट नहीं किए गए थे। इनमें से कई केवाईसी यूटिलिटी बिल (बिजली, टेलीफोन), बैंक खाता डिटेल्स आदि जैसे दस्तावेजों का उपयोग करके किए गए थे, जिन्हें अब सेबी द्वारा केवाईसी अनुपालन के लिए वैध दस्तावेजों के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। 1 अप्रैल से प्रभावी केवाईसी अपडेट करने की प्रक्रिया के तहत केआरए ने हर निवेशक के केवाईसी को तीन कैटेगरी में



वर्गीकृत किया है। ये तीन कैटेगरी है, वैलिडेट, रजिस्टर्ड और होल्ड पर। केआरए के एक अधिकारी ने कहा कि वर्गीकरण निवेशकों के पैन, आधार, ईमेल और मोबाइल नंबर की उपलब्धता पर आधारित था। केआरए के मुताबिक लगभग 11 करोड़ निवेशकों में से लगभग 7.9 करोड़ या 73त्न के पास वैलिड केवाईसी है। लगभग 1.6 करोड़ निवेशकों के केवाईसी रजिस्टर्ड कैटेगरी के अंतर्गत हैं। वैलिडेट केवाईसी वाले निवेशकों को अपडेशन की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी निवेश प्रक्रिया जारी रख सकते हैं। रजिस्टर्ड केवाईसी वाले लोग भी अपना निवेश जारी रख सकते हैं, लेकिन अगर वे किसी नए फंड हाउस में निवेश करते हैं या नया डीमैट खाता खोलते हैं तो उन्हें रीकेवाईसी प्रक्रिया का सहारा लेना होगा।

बैंक डिटेल्स, यूटिलिटी बिल और अन्य समान दस्तावेजों का उपयोग करके किए गए केवाईसी अब रोक दिए गए हैं और इन केवाईसी वाले निवेशक अब निवेश नहीं कर सकते हैं, जब तक वे केवाईसी दस्तावेज अपडेट नहीं कर लेते, उन्हें धनराशि निकालने की भी अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सोने की महंगाई का भारतीयों पर कोई असर नहीं कीमतें बढ़ने के बावजूद लगातार बढ़ रही मांग

**नई दिल्ली** । सोने की कीमतें ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भारत में सोने की मांग सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 126.3 टन था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार को अपनी वैश्विक रिपोर्ट 'गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1-2024' जारी की। इसके मुताबिक, इस वर्ष जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ रुपये हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है।

ज्वेलरी खरीदारी और निवेश दोनों में बढ़ोतरी

गौरतलब है कि भारत में सोने-चांदी में निवेश को हमेशा ही सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। इसके चलते भी मांग में लगातार तेजी बनी हुई है। इसके तहत आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 91.9 टन से 95.5 टन हो गई। वहीं, कुल निवेश मांग (सिक्के सहित अन्य के रूप में) 34.4 टन से 19 प्रतिशत बढ़कर



41.1 टन हो गई। विश्व स्वर्ण परिषद (ङ्खत्रष्ट) के भारत में क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन जैन ने कहा कि सोने की मांग में वृद्धि भारतीयों के इसके प्रति लगाव को पुष्ट करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भारत में सोने की मांग 700-800 टन के आसपास रहेगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर कीमतों में तेजी जारी रहती है तो मांग इस सीमा के निचले स्तर पर हो सकती है। वर्ष 2023 में सोने की कुल मांग 747.5 टन थी। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मार्च में पांच टन सोना खरीदा है। वर्ष 2024 के पहले तीन महीनों में आरबीआई द्वारा कुल 19 टन सोना खरीदा गया है। वर्ष 2023 में पूरे साल आरबीआई ने सिर्फ 16 टन सोने की खरीद की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ऊंची कीमतों के बावजूद दुनियाभर में भी सोने की खरीदारी बढ़ी है। जनवरी-मार्च में वैश्विक सोने की मांग तीन प्रतिशत बढ़कर 1,238 टन हो गई। यह 2016 के बाद से सबसे मजबूत तिमाही रही। विश्व स्वर्ण परिषद ने कहा कि केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की खरीद बढ़ाए जाने से भी इसकी कीमतों में उछाल आया है। चीन का केंद्रीय बैंक बीते 17 महीने से लगातार सोने का खरीदार बना हुआ है।उसने इस खरीद की शुरुआत 2022 के नवंबर में की थी और तब से लेकर अबतक चीन का केंद्रीय बैंक 314 टन सोने की खरीद कर चुका है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल अक्षय तृतीया के मौके पर सोने की खरीदारी फीकी रह सकती है। इसका कारण सोने की कीमतों का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना है। इसके चलते उपभोक्ता मांग पर असर देखने को मिल सकता है। जानकारों को कहना है कि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ज्वेलर्स 18 कैरेट से कम वाले स्वर्ण आभूषण भी पेश कर सकते हैं। सोने की ऊंची कीमतों के अलावा शादियों का मौसम ना होना या फिर शादियां कम होना और लोकसभा चुनाव से संबंधित जो प्रतिबंध लगे हैं, उनका असर भी दिखाई दे सकता है। एक लाख तक पहुंचने की उम्मीद

विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मौजूदा समय में सोना 74000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने का भाव रिकॉर्ड 2400 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करंसी प्रमुख अनुज गुप्ता का कहना है कि बाकी एसेट क्लास के मुकाबले सुरक्षित माना जाने वाला सोना भारतीयों की पंसद

## खेल

# 5 खिलाड़ी... जो टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में जगह पाने के थे हकदार, चयनकर्ताओं ने किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली**- टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो गई है. बीसीसीआई की सीनियर चयनसमिति ने डेडलाइन से एक दिन पहले 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान किया. विश्व कप में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी वहीं उप कप्तानी की जिम्मेदारी हार्दिक पंड्या के कंधों पर है. टीम के ऐलान से पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अहमदाबाद के होटल आईटीसी नर्मदा में चयन समिति के साथ बैठक की. बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान सोशल मीडिया के जरिए किया. भारतीय बोर्ड ने इसके लिए कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की. कई खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं मिली है जो विश्व कप खेलने के हकदार थे. अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयनसमिति ने इन खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर दिया. इंटरनेशनल क्रिकेट में बेहद कम समय में 'फिनिशर' का टैग हासिल कर चुके रिंकू सिंह को टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई मेन टीम में जगह नहीं मिली है. उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है. कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे रिंकू सिंह आईपीएल में भी फिनिशर की भूमिका निभाते हैं. उन्हें टीम इंडिया का



भविष्य का सितारा बताया जा रहा है. मौजूदा आईपीएल में रिंकू का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है. हालांकि आईपीएल के इस सीजन में उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं. रिंकू ने 15 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 356 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 176.23 का रहा है.

**शुभमन गिल बैकअप ओपनर होंगे**

युवा ओपनर शुभमन गिल को विंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप (ञ्20 ङ्खशह्म्यस्र ष्ट्ठश्च) के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय मेन टीम में जगह नहीं दी गई है. वह रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ ट्रेवल करेंगे. गिल ने आईपीएल 2023 में 3 शतक और 4 अर्धशतक की मदद से कुल 890 रन बनाए थे. इसके बाद उन्हें आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाया गया. हालांकि इस सीजन वह आईपीएल में पिछले प्रदर्शन को दोहराने में सफल नहीं रहे हैं. आईपीएल के इस सीजन गिल ने 10 मैचों में 320 रन बनाए हैं. वह बैकअप ओपनर के तौर पर टीम में शामिल हैं.

**केएल राहुल पर भारी पंत और सैमसन**

अनुभवी विकेटकीपर केएल राहुल पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के साथ थे. मौजूदा आईपीएल के पिछले कुछ मैचों में राहुल ने अच्छे स्कोर किए हैं. बावजूद इसके उन्हें विश्व कप टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में भी जगह नहीं मिली है. टीम इंडिया में ऋषभ पंत और संजू सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर शामिल हैं. राहुल ने 72 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 139 के स्ट्राइक रेट से 2265 रन बनाए हैं. वह आईपीएल में 4 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं.

**रवि बिश्नोई को किया गया नजरअंदाज**

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर रवि बिश्नोई आईपीएल के इस सीजन में शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं. युजवेंद्र चहल भी शानदार फॉर्म में हैं. बिश्नोई को टी20 में एक साल से ज्यादा समय तक आजमाया गया. बावजूद इसके सेलेक्शन पैनल ने उन्हें वर्ल्ड कप टीम से नजरअंदाज कर दिया. 23 साल के बिश्नोई 24 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 36 विकेट ले चुके हैं वहीं आईपीएल के 61 मैचों में वह 58 विकेट ले चुके हैं.

**ईशान किशन रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं**

आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा के साथ मुंबई इंडियंस की ओर से ओपनिंग में उतरने वाले ईशान किशन को विश्व कप टीम से नजरअंदाज कर दिया गया. ईशान का इस आईपीएल में स्ट्राइक रेट 165 से ज्यादा का रहा है. वह 212 रन बना चुके हैं. बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन ने साउथ अफ्रीका दौरे से अचानक ब्रेक लेकर स्वदेश लौट आए थे. इसके बाद से वह टीम इंडिया से बाहर हैं. उन्हें ना तो विश्व कप की मेन टीम में जगह नहीं मिली है और ना ही रिजर्वा खिलाड़ियों में शामिल किया गया है.

# ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम का ऐलान, स्टीव स्मिथ का पत्ता कटा



**नई दिल्ली.** भारत के आईसीसी टी20 विश्व कप टीम आने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी टीम की घोषणा कर दी है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 1 मई बुधवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज ) क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की.

मिचेल मार्श को इस मेगा आईसीसी टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है. इंडियन प्रीमियर लीग में धमाका कर रहे दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर मैकगर्क को जगह नहीं दी गई है.

अनुभव स्टीव स्मिथ को भी टीम में जगह नहीं दी गई है. इस साल 1 से 29 जून के बीच खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी टीम की घोषणा कर दी है.

चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम की कमान ऑलराउंडर मिचेल मार्श के हाथों में दी है. पैट कमिंस टीम का हिस्सा हैं लेकिन वह बतौर खिलाड़ी खेलेंगे. अनुभवी स्टीव स्मिथ को चयनकर्ताओं ने टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा है.

ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम =

मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम ज़म्पा.

## उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

झाबुआ । लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर, द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर - 47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि आपराधिक इतिहास के विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए।

### सहायक निर्वाचन अधिकारी चंदर सिंह सौलकी के निर्देशानुसार

# मतदाता जागरूकता बाईक रैली, शपथ, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, मेहंदी, रंगोली का आयोजन

गरोठ---जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दिलीप यादव, डीपीओ पीसी चौहान सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गरोठ चंदर सिंह सौलकी के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती राखी बारिया के नेतृत्व में आंगनवाड़ी केन्द्र आकली दिवान, जमुनिया, बरडिया आमरा, बोलिया, परासली दिवान, पावटी, गुराडिया माता, खजुरी पंथ, खड़ावदा, भुतिया बाग, गौड़ का डेरा, कुरलासी, एरिया, रोज्या, ढाकनी, कोटड़ा बुजुर्ग, सगोरिया, छायन, धामनिया दिवान, जुनापानी पावटी, देथली बुजुर्ग, एरिया, बोलिया, कानपुर, भुतिया बाग, चचावदा पठारी, खड़ावदा सेक्टर,



खेरखेडा भाट, पिपलिया मोहम्मद, कुण्डालिया चरणदास, मेलखेड़ा, बड़ियां



इस्तुमुरार, बामणी, फुलखेडा, कलशयात्रा, बरखेड़ा गंगासा, ढाबा,

एरिया में स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, बाइक रैली, शपथ, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला बनाई गई। और घर घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर आगामी 13 मई 2024 को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसी के साथ आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 80+ बुजुर्ग, मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया जा रहा है। स्वीप प्लान अंतर्गत गतिविधियां आयोजित करवाने में सुपरवाइजर श्रीमती रीना झिजोरिया, श्रीमती रेखा सोनी श्रीमती खूशबु बागड़ी श्रीमती शोभा धमानिया श्रीमती मंजु गुप्ता सहित टिम द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

## स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत उत्कृष्ट अशासकीय संस्था प्रतियोगिता

झाबुआ। जिले में मतदाता जागरूकता के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत उत्कृष्ट अशासकीय संस्था प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत उत्कृष्ट अशासकीय संस्था प्रतियोगिता मे भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आप अपना सहयोग प्रदान करें।

प्रतियोगिता हेतु नामांकन झाबुआ जिले मे मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से अशासकीय संस्थाओं द्वारा स्वीप गतिविधियां (पोस्टर, फ्लेक्स, दीवारों पर मतदाता जागरूकता लेखन, मेहंदी, रंगोली, मतदान शपथ, मतदाता जागरूकता रैली एवं अन्य कोई गतिविधि) संपादित कि जावे जो मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। प्रत्येक अशासकीय संस्थाओं द्वारा स्वीप गतिविधियों की 5 फोटो (गतिविधि का संक्षिप्त विवरण के साथ) प्रतियोगिता के लिए श्री अजय चौहान स्वीप सहायक नोडल अधिकारी द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप मे अपलोड किए जावे। फ़ोटो के साथ ग्राम का नाम, दिनांक व गतिविधि का संक्षिप्त विवरण के साथ अशासकीय संस्था का नाम, पता व मोबाईल नम्बर भी अपलोड किया जावे। सर्वश्रेष्ठ शासकीय कार्यालय प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार :- संस्था के कार्यक्षेत्र अंतर्गत मतदान प्रतिशत लोकसभा निर्वाचन 2019 की तुलना मे बढाने एव मतदाताओं को प्रभावित करने वाली उत्कृष्ट अशासकीय संस्था को पुरस्कार के रूप मे स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान किया जावेगा।प्रतियोगिता हेतु पात्रता दिनांक 30 अप्रैल 2024 से दिनांक 11 मई 2024 तक 5 फोटो प्रतियोगिता के लिए बनाए गए जिले के उत्कृष्ट अशासकीय संस्था प्रतियोगिता नाम के श्री अजय चौहान स्वीप सहायक नोडल अधिकारी के द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप मे अपलोड किए जा सकते है। उत्कृष्ट अशासकीय संस्था प्रतियोगिता के पुरस्कार हेतु अंतिम निर्णय जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया जावेगा।

## नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक



झाबुआ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं (जिला स्वीप नोडल) श्री जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिले में प्रतिदिन नवाचारों से परिपूर्ण स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी सन्दर्भ में पेटलावद में मंगलवार को प्रशासनिक अमला घर-घर और खेत खलिहान तक पहुंचा और मतदाताओ में मतदान करने की नई ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया जिससे की हर घर मतदान से अछूता ना रहे और जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस गतिविधियों में जामली मतदाता जागरूकता कार्यकम, नुक्कड़-नाटक, गीत, शपथ और मतदान के समय वोटर इनफार्मेशन स्लिप के साथ आवश्यक 12 दस्तावेज़ की जानकारी भी दी गई। पेटलावद के जामली में आयोजित इन गतिविधियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय भीली बोली में आश्चर्य जनक प्रस्तुती देकर ग्रामजन को मतदान का महत्व बताया गया, साथ ही मतदान करने के लिए वोटर इन्फोमेशन स्लिप के साथ आवश्यक 12 दस्तावेज के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। नुक्कड़ नाटक के उपरान्त समस्त ग्राम वासियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी।

## नगर के छात्र छात्राओं ने कराटे चैंपियनशिप में मेंडल जीत कर नगर का नाम रोशन किया



गंज बासौदा भोपाल में आयोजित शिगो शोवा काई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में नगर गंज बासौदा की द फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट्स अकेडमी की पुरवा चौरसिया ने कुमिते में गोल्ड और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीते. अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी ने हमें बताया की भोपाल में 27 तारीख से 29 तारीख तक चली चैंपियनशिप में बालक वर्ग में हर्ष सेन ने कुमिते और काता मे ब्रॉन्ज़ मैडल जीता सुमित सैनी ने कुमिते और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता और मास्टर आरव राय ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता और बालिका वर्ग में सुहानी सैनी ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता..सिद्धि शर्मा ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता, ये मैडल कराटे की कुमिते और काता में प्राप्त हुए जिन खिलाडियों को मैडल मिले है वो अब 28 से 29 मई में नेशनल चैंपियनशिप में महाराष्ट्र ( खंडाला ) जाएंगे और मध्यप्रदेश टीम व जिला विदिशा और गंज बासौदा का नाम रोशन करेंगे, अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी और सहायक कोच प्रतीक्षा शर्मा ने इस टूनामेंट में रेफरी और कोच की भूमिका निभाई खिलाड़ीयों की इस जीत में माध्य-प्रदेश के कराते जनरल सेक्रेटरी क्योशी अमिताभ श्रोवास्तव, ब्लैक बेल्ट 7थ डेन की मुख्य भूमिका रही.भोपाल में आयोजित शिगो शोवा काई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में नगर गंज बासौदा की द फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट्स अकेडमी की पुरवा चौरसिया ने कुमिते में गोल्ड और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीते. अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी ने हमें बताया की भोपाल में 27 तारीख से 29 तारीख तक चली चैंपियनशिप में बालक वर्ग में हर्ष सेन ने कुमिते और काता मे ब्रॉन्ज़ मैडल जीता सुमित सैनी ने कुमिते और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता और मास्टर आरव राय ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता और बालिका वर्ग में सुहानी सैनी ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता..सिद्धि शर्मा ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता, ये मैडल कराटे की कुमिते और काता में प्राप्त हुए जिन खिलाडियों को मैडल मिले है वो अब 28 से 29 मई में नेशनल चैंपियनशिप में महाराष्ट्र ( खंडाला ) जाएंगे और मध्यप्रदेश टीम व जिला विदिशा और गंज बासौदा का नाम रोशन करेंगे, अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी और सहायक कोच प्रतीक्षा शर्मा ने इस टूनामेंट में रेफरी और कोच की भूमिका निभाई खिलाड़ीयों की इस जीत में माध्य-प्रदेश के कराते जनरल सेक्रेटरी क्योशी अमिताभ श्रोवास्तव, ब्लैक बेल्ट 7थ डेन की मुख्य भूमिका रही.

## प्रेक्षकों की उपस्थिति में अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि का ओरिएंटेशन संपन्न

### निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराये - सामान्य प्रेक्षक

### प्रतिदिन व्यय के लेखा रजिस्टर का संधारण करे - व्यय प्रेक्षक




झाबुआ । लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय क्षेत्र 24 रतलाम में नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन के पश्चात सामान्य प्रक्षक श्री वी संपत और व्यय प्रेक्षक श्री सजीत वी नायर की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि का ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। जिसमें रिटर्निंग अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना द्वारा सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया गया कि अभ्यर्थियों के तय हो जाने के पश्चात मास्टर ट्रेनर के माध्यम से यह ओरिएंटेशन दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स के दलों द्वारा अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों को निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहन अनुमति की प्रक्रिया, परमिट मिलने के पश्चात उसे वाहन की विंडशील्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा किया जाना, प्रचार वाहन की अनुमति प्राप्त किया जाना, ऑडियो का एमसी एमसी से पूर्व प्रमाणिकरण प्राप्त करना, अस्थायी कार्यालय सम्बन्धी प्रावधान एवं अनुमति लेना, मतदान केन्द्र पर अभ्यर्थी का बुथ स्थापित करने संबन्धी प्रावधान, आदर्श आचार संहिता के पालन संबंधी जानकारी दी गयी। सामान्य प्रेक्षक द्वारा समस्त अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों से कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न कर सकता है तो उसकी जानकारी वरी लिस्ट के रूप मे सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध करा दें। व्यय प्रेक्षक द्वारा बताया गया कि समस्त अभ्यर्थियों को रेट लिस्ट उपलब्ध करा दी गयी है। व्यय लेखा राजिस्टर अपने स्तर पर संधारित करे एवं उसके निरीक्षण के लिए 2 मई, 6 मई एवं 10 मई को कलेक्टर कार्यालय में व्यय प्रेक्षक को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करे। प्रतिदिन व्यय रजिस्टर सफेद रंग का, नगद रजिस्टर गुलाबी रंग का एवं बैंक ट्रांसेक्शन से संबंधी रजिस्टर पीला रंग का संधारित किया जाए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त उम्मीदवारो को आपराधिक इतिहास के विवरण का विज्ञापन जारी करना होगा। इसी के साथ होम वोटिंग की दिनांक एवं रुट तय कर समस्त उम्मीदवारों को दी जाएगी जिसके तहत वे एजेन्ट की नियुक्ति कर सकते है। मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व जारी होने वाली एसओपी का पालन करे एवं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाए। इस दौरान पुलीस अधीक्षक श्री पद्?म पिलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री एस. एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी. एल. कुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्यनारायण दर्रो, समस्त मास्टर ट्रेनर्स अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थियो एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रामा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



झाबुआ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं (जिला स्वीप नोडल) श्री जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रामा के तत्वाधान में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसकी विधिवत शुरूआत संकुल प्राचार्य श्री के. एल. परमार द्वारा की गई। रैली में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के समस्त स्टॉफ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामा संगीता गुन्डिया एवं उद्यान अधीक्षक मानू चौबे ने भी भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा विभिन्न नारो के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूकता का कार्य किया गया साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पीले चावल का वितरण कर 13 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं से आग्रह किया गया। रैली का संचालन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना राजेश जायसवाल ने किया।

# अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह को जावरा शहर पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार

**जावरा** शहर पर दिनांक 27.04.2024 को फरियादी हरप्रित सिह उर्फ रिषु पिता श्री सतनाम सिह जी गंभीर जाति- सिक्ख उम्र 38 साल नि 40/2, स्टेशन रोड जावरा गंभीर आटोमोबाईल्स महु नीमच रोड जावरा ने रिपोर्ट किया कि महेश परमार नाम के व्यक्ती ने परमार ट्रान्सपोर्ट के नाम से दुकान एवं जिसकी एक ब्राँच साँवरिया कॉलोनी जावरा मे भी होना बताया और मुझे विश्वास में लेकर रतलाम मे ट्रक के टायर फटने का बताकर मेरी दुकान से धोखाधडी पूर्वक ट्रक के 04 नये टायर अपोलो कम्पनी के किमती 96300 रुपये के लेकर फरार हो गए है। तथा दिनांक 27.04.2024 को फरियादी दीपक मैहरु पिता गोपाल मैहरु जाति दर्जी उम्र 25 साल नि स्टेशन रोड जावरा ने रिपोर्ट किया कि महेश परमार नाम के व्यक्ति ने अपना जावरा मे रतलाम नाके पर बंगले बनाने का प्रोजेक्ट चल रहा है तथा साई परमार बिल्डर्स नागदा मे डिलर का ऑफिस बताकर मुझसे धोखाधडी पूर्वक झुठ बोलकर 100 बण्डल हेवल्स वायर के लेकर 1,96,0000 रुपये की धोखाधडी की है । रिपोर्ट पर से थाना जावरा शहर पर अपराध क्रमांक 161/2024 धारा 420 भादवि एवं अपराध क्रमांक 162/2024 धारा 420 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही :- रतलाम पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान राहुल कुमार लोढा एवं श्रीमान अति.पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश खाखा ने घटना की गंभीरता को समझते हुए तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक शक्तिसिह चोहान व थाना प्रभारी जावरा शहर निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन को घटना के हर पहलु पर जांच करने के निर्देश दिये एवं टीम बनाकर तत्काल प्रकरण के आरोपियो की तलाश हेतु जावरा शहर व आसपास अन्य स्थानो पर आरोपियो तलाश पतारसी एवं दबिश दी गयी । फरियादी को आरोपी महेश परमार द्वारा अपने नाम से दिये गये चेक वाले व्यक्ति की इंदोर पुलिस की मदद से तलाश कर आरोपी महेश परमार पिता तुलाराम परमार उम्र 39 साल निवासी श्रृद्धापुरी कालोनी इंदौर थाना द्वारिकापुरी इंदोर को पुलिस हिरासत मे लेकर पुछताछ की गई जिसमे जानकारी लगी की आरोपी ने कई बैंको मे खाते खुलवाये हुए है एवं उन खातो की चेक बुक जारी करवाकर व्यापारियो को बिल्डर अथवा ट्रांसपोर्ट मालिक बताकर खाली खातो का चेक देकर उनसे माल टायर ,वायर , पंखे , सरिया इत्यादी ले लेते थे एवं उन्हे बेच कर भाग जाते थे। यह काम अपने साथी मोहीत पारवानी पिता स्व. चम्पालाल जी पारवानी जाति सिंधी उम्र 31 साल निवासी फ्लेट नम्बर 304 हरिअमृत पैलेस 12 भंवरकुवा मैन रोड इंदौर थाना जुनी इंदौर जिला इंदौर व राहुल वाधवानी पिता हीरालाल वाधवानी जाति सिंधी निवासी




खातीवाला टेंक इंदोर के साथ मिलकर करते थे जिसके लिये किराये का वाहन लेकर अलग अलग शहरो मे जाते थे । आरोपी मोहीत पारवानी को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण मे आरोपी द्वारा की गई धोखाधडी के सामान ठिकाने लगाने वाले आरोपी रवि मखिजानी पिता गुरमुखदास मखिजानी उम्र 51 साल निवासी प्लाट नम्बर 377 रायल एम्पायर खातीवाला टेंक इंदोर एवं अहद पिता मोहम्मद शोएब निवासी स्नेह नगर इंदौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल वाधवानी की तलाश करते फरार हो गया है तथा गिरफ्तार शुदा आरोपी का माननीय न्यायालय से पीआर प्राप्त कर आरोपीयो से पुछताछ की जा रही है । आरोपियों द्वारा जावरा शहर के अतिरिक्त मध्य प्रदेश के महु , राउ , बेटमा जिला इंदोर , चापडा जिला देवास, गुना तथा महाराष्ट्र के मालेगांव एवं राजस्थान के भीलवाडा मे इसी तरह धोखाधडी करके घटना को अंजाम दिया है जिसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है । गिरफ्तार आरोपी - 1. महेश परमार पिता तुलाराम परमार उम्र 39 साल निवासी सद्दापुरी कालोनी इंदोर थाना द्वारिकापुरी इंदोर जिला इंदोर

2.मोहीत पारवानी पिता स्व. चम्पालाल जी पारवानी जाति सिंधी 31 साल निवासी फ्लेट नम्बर 304 हरिअमृत पैलेस 12 भंवरकुवा मैन रोड इंदौर थाना जुनी इंदौर जिला इंदौर

3.रवि मखिजानी पिता गुरमुखदास मखिजानी उम्र 51 साल निवासी प्लाट नम्बर377रायल एम्पायर खातीवाला टेंक इंदोर 4.अहद पिता मोहम्मद शोएब उम्र 34 साल निवासी स्नेह नगर इंदौर फरार आरोपी - राहुल वाधवानी पिता हीरालाल वाधवानी जाति सिंधी निवासी खातीवाला टेंक इंदोर जप्त शुदा मश्रुका - (1)टायर अपोलो कम्पनी के 04 नये किमती 96300 रुपये (2) हेवल्स वायर के 100 बण्डल किमती 1,96, 0000 रुपये मश्रुका कुल किमती 2,92,300/- का बरामद किया सराहनीय भुमिका - निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन, सउनि. नन्दकिशोर बैरागी , कार्यप्रआर जाकीर खान , कार्य प्रआर मृदंग सातपुते , कार्य प्रआर अजय दुबे, आरक्षक ललित जगावत , आरक्षक यशवंत जाट , आरक्षक रामप्रसाद , सायबर सेल रतलाम प्रआर मनमोहनशर्मा , आरक्षक विपुल भावसार की सराहनीय भूमिका रही ।

# पूर्वी लंदन में युवक ने लोगों पर तलवार से किया हमला, 13 साल के लड़के की मौत, कई घायल

**लंदन** - ब्रिटेन में पूर्वी लंदन ट्यूब स्टेशन के पास 36 वर्षीय युवक ने मंगलवार को एक वाहन को घर से टकराने के बाद तलवार से पांच लोगों पर हमला किया। इनमें दो पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। हमले में घायल एक लड़के की अस्पताल में मौत हो गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रमुख अधीक्षक स्टुअर्ट बेल ने एक बयान में कहा, ''हमले में घायल एक 13 वर्षीय लड़के को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन कुछ देर बाद ही दुखद रूप से उसकी मौत हो गई। हैनॉल्ट इलाके की इस घटना में घायल हुए लोगों को मौके पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




**संवेदनाएं पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के साथ**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे 'स्तब्ध करने वाली घटना करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सुनक ने कहा कि यह एक स्तब्ध करने वाली घटना है और मेरी संवेदनाएं पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपातकालीन सेवा विभाग को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देने के साथ-साथ घटनास्थल पर पुलिस द्वारा दिखाई गई असाधारण वीरता के प्रति भी आभार जताता हूं।

**आरोपी एक घर में जबरदस्ती घुसने का प्रयास कर रहा था**

पुलिस ने यह भी साफ कर दिया कि यह आतंकवाद से संबंधित घटना नहीं लग रही है। हैनॉल्ट इलाके में घटना स्थल पर पुलिस बल मौजूद है और वहां घेराबंदी वाले स्थान पर क्षतिग्रस्त वहन भी दिख रहा है। पास के ट्यूब स्टेशन को बंद कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन्होंने हमले से पहले संदिग्ध और पुलिस के बीच गतिरोध देखा, आरोपी एक घर में जबरदस्ती घुसने का प्रयास कर रहा था। इससे पहले, पुलिस और आपातकालीन सेवा विभाग ने कहा था कि उन्हें स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से ठीक पहले पूर्वी लंदन के थुरलो गार्डन में एक घर में एक वाहन के घुसने की सूचना मिली थी।

**दो पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों पर तलवार से हमला**

सोशल मीडिया पर वीडियो फुटेज में दाढ़ी वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को वाहन से एक घर को टक्कर मारने के बाद बड़ी तलवार के साथ पास की झाड़ियों में घूमते हुए दिखाया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने दो पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों पर तलवार से हमला कर दिया जिसमें घायल एक किशोर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा, '' हमें नहीं लगता कि व्यापक समुदाय के लिए यहां कोई खतरा है।

हम और संदिग्धों की तलाश नहीं कर रहे। यह घटना आतंकवाद से संबंधित नहीं लगती। लंदन के महापौर सादिक खान ने भी त्वरित कार्रवाई करने के लिए आपातकालीन सेवा विभाग की सराहना की है। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा कि उन्हें घटना पर 'नियमित रूप से अद्यतन जानकारी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा, ''मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जो इस घटना में प्रभावित हुए हैं।

# गैग ऑर्डर का उल्लंघन करना डॉनल्ड ट्रम्प को पड़ा भारी, पूर्व राष्ट्रपति पर लगा 8,000 डॉलर का जुर्माना

**इंटरनेशनल डेस्क**- डोनाल्ड ट्रम्प के आपराधिक गुप्त धन मुकदमे की देखरेख करने वाले न्यायाधीश ने मंगलवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर उन बयानों के लिए 8,000 डॉलर का जुर्माना लगाया, जिन्हें उन्होंने मामले में गैग आदेश का उल्लंघन पाया। न्यायमूर्ति जुआन मर्चन का आदेश तब आया जब ट्रम्प का मुकदमा न्यूयॉर्क में एक सेक्स स्कैंडल को कवर करके 2016 के चुनाव को प्रभावित करने की पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की कथित योजना में शामिल खातों से परिचित एक बैंकर की गवाही के साथ फिर से शुरू होने वाला था।

ट्रम्प ने खुद को निर्दोष बताया

2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प पर पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में ट्रम्प के साथ हुई यौन मुठभेड़ के बारे में चुप्पी के बदले में 130,000 डॉलर के भुगतान को छुपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। ट्रम्प ने खुद को निर्दोष बताया है और डेनियल्स, जिसका असली नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है, के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है। ऐतिहासिक आपराधिक मुकदमा किसी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति का पहला है और 22 अप्रैल को शुरू हुआ।



**ट्रम्प समर्थकों ने कोर्ट के बाहर बैनर लहराए**

लगभग दो दर्जन ट्रम्प समर्थकों ने मंगलवार सुबह अदालत के बाहर रैली की, उनके नाम का जाप किया और ट्रम्प 24 लिखे बैनर लहराए। ट्रम्प की शिकायत के बाद कि कुछ लोग मुकदमे का विरोध कर रहे थे। एक स्थानीय रिपब्लिकन संगठन ने समर्थकों से बाहर आने का आह्वान किया था। बैंकर गैरी फ़ारो, जिन पर गलत काम करने का आरोप नहीं है, ने शुक्रवार को ट्रम्प के एक समय के वकील और फिक्सर माइकल कोहेन द्वारा दायर वित्तीय रिकॉर्ड के बारे में गवाही दी।

**योजना को पूरा करने में मदद की**

जिनके बारे में अभियोजकों का कहना है कि उन्होंने इस योजना को पूरा करने में मदद की। ट्रम्प को मुकदमे में भाग लेना आवश्यक है और उन्होंने कहा है कि वह 5 नवंबर के चुनाव में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ अपने दोबारा मैच से पहले प्रचार कर सकते हैं। यह आपराधिक मामला ट्रम्प के खिलाफ लंबित चार मामलों में से एक है, लेकिन यह एकमात्र मामला हो सकता है जिस पर मुकदमा चलेगा और चुनाव से पहले फैसला आएगा।

# पीएम मोदी की जीत के लिए अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने हवन आयोजित किए

**इंटरनेशनल डेस्क**- अमेरिका के विभिन्न शहरों में भाजपा के सैकड़ों समर्थकों ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए सप्ताहांत पर हवन का आयोजन किया। 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी-यूएसए (ओएफबीजेपी-यूएसए) द्वारा न्यूजर्सी, न्यूयॉर्क, वर्जीनिया, मैरीलैंड और शिकागो में रविवार को यह हवन आयोजित किए गए। संगठन ने सोमवार को एक बयान में बताया, ये पवित्र अनुष्ठान आध्यात्मिक शक्ति उत्पन्न करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समृद्ध भारत के लिए भाजपा के दृष्टिकोण का समर्थन करने के हमारे सामूहिक दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। ओएफबीजेपी-यूएसए के ए. प्रसाद ने कहा, यह भारत की प्रगति और विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता की गहन अभिव्यक्ति है। भारतीय-



अमेरिकी पेशेवर, उद्यमी और शिकागो के निवासी पवित्र हवन में भाग लेने के लिए शहर के उपनगरीय इलाके में स्थित एक हिंदू मंदिर में एकत्र हुए। बयान के मुताबिक, भाजपा की शानदार जीत के लिए सामूहिक प्रार्थना के रूप में चंडी हवन आयोजित किया गया। ओएफबीजेपी के एनआरआई (अनिवासी भारतीय) समर्थक वर्जीनिया के फेयरफैक्स में श्री वेंकटेश्वर लोटस मंदिर में गणपति होम करने के लिए एकत्र हुए और भारत की भलाई और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बयान में कहा गया है कि उन्होंने भारत में हो रहे आम चुनाव में मोदी और भाजपा की जीत के लिए भगवान गणेश का आशीर्वाद मांगा। लॉस एंजिलिस, ऑस्टिन, डेट्रॉइट और रैले से भी इसी तरह के हवन की सूचना है।

# उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद की अपनी सर्विस, कंपनी ने बताई वजह

**पाकिस्तान** - स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली वैश्विक कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिये हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इससे पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। एक प्रवक्ता ने कहा, हमारा अनुषंगी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपने प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची, मुल्तान, फैसलाबाद, पेशावर और इस्लामाबाद में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर उपयोगकर्ताओं के खातों में शेष राशि है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं और उन्हें करीम की मुफ्त सेवाएं भी मिलेंगी।




# बंदूकधारी ने शिया मस्जिद में घुसकर छह नमाज़ियों की ली जान

**इंटरनेशनल डेस्क**- पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने एक मस्जिद में घुसकर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे वहां नमाज़ पढ़ रहे छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने खबर दी है और अफगानिस्तान के एक पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इस मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह अल्पसंख्यक शिया समुदाय की है। तालिबान शासित गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह हमला सोमवार रात को हेरात प्रांत के गुज़रा जिले में हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि घटना की जांच की जा रही है। हमले में एक शख्स जख्मी भी हुआ है और बंदूकधारी मौके से फरार हो गया। किसी भी संगठन ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मस्जिद का इमाम भी मरने वाले लोगों में शामिल है। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करज़ई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा, मैं इमाम ज़मां मस्जिद पर हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं इसे सभी धार्मिक और मानवीय स्तरों के खिलाफ आतंकवादी हमला मानता हूं। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि घटना में एक बच्चे समेत सात लोग मरे और जख्मी हुए हैं। इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन अफगानिस्तान में तालिबान के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। वे अक्सर स्कूल, अस्पताल, मस्जिदों और शिया बहुल इलाकों को निशाना बनाते हैं।



# दिल्ली-नोएडा के 11 स्कूलों में बम थ्रेट के बाद पुलिस की अपील- घबराएं नहीं

**नई दिल्ली**- दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका और मयूर विहार के मदर मैरी स्कूल सहित दिल्ली-एनसीआर के कम से कम नौ स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। संबंधित स्कूल अधिकारियों की ओर से अलर्ट मिलने के तुरंत बाद, पुलिस और अग्निशमन विभाग हरकत में आए और तलाशी ली। दमकल विभाग को खतरे की जानकारी सुबह 6 बजे दी गई. फिलहाल स्कूलों में दिल्ली के अग्निशमन विभाग, दिल्ली पुलिस के अधिकारी और बम निरोधक दस्ते के जवान मौजूद हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर के आसपास गहन जांच की जा रही है। दिल्ली में आज जिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली परिसरों को खाली करा लिया गया और अभिभावकों को अपने बच्चों को ले जाने के लिए कहा गया। पुलिस राजधानी के संस्कृति स्कूल, डीपीएस वसंत कुंज और एमिटी स्कूल, साकेत की भी जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी स्कूलों को भी धमकी भरे मेल मिले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज सुबह करीब 4 बजे एक स्कूल को एक मेल भेजा गया। इस मेल में ही कई स्कूलों को चिह्नित किया गया है. मेल में चिह्नित अन्य स्कूल डीपीएस वसंत विहार, डीपीएस आरके पुरम और डीपीएस इंटरनेशनल आरके पुरम हैं। दिल्ली पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है. लेकिन दिल्ली के अग्निशमन विभाग ने इस पूरी कवायद (कैंपस में जांच) को मॉक ड्रिल करार दिया है. अभी तक स्कूल परिसर में कुछ भी नहीं मिला है. धमकी के बाद स्कूल ने बच्चों को घर भेज दिया धमकी भरे मेल और कॉल के बाद ज्यादातर स्कूल दिन भर के लिए बंद हो गए हैं। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं ने घोषणा की है कि वे दिन भर बंद रहेंगी। जो विद्यार्थी सुबह स्कूल आ चुके थे, उन्हें घर भेजा जा रहा है। डीपीएस के छात्रों के माता-पिता को एक संदेश भेजा गया था कि वे अपने बच्चों को एक घंटे में बस स्टॉप से ले जाएं, क्योंकि वे जल्दी जा रहे थे।

# हिंद महासागर का तापमान बढ़ने से विनाशकारी घटनाओं में होगा इजाफा

**नेशनल डेस्क**- ग्लोबल वार्मिंग के चलते हिंद महासागर की सतह का तापमान 1.7 से 3.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के आसार हैं। यदि ऐसा होता है तो समुद्री हीटवेव और चरम चक्रवातों में तेजी आएगी जिसके कारण मॉनसून प्रभावित होगा। एक नए अध्ययन के मुताबिक बढ़ते तापमान के कारण और समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा। उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर के लिए भविष्य का अनुमान लगाने के लिए यह अध्ययन पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आई.आई.टी.एम.) के जलवायु वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल के नेतृत्व में किया गया है। सांइस मैगजीन डाउन टू अर्थ में अध्ययन का जिक्र करते हुए कहा गया है कि हिंद महासागर में तेजी से बढ़ रही गर्मी सिर्फ़ सतह तक सीमित नहीं है। सतह से लेकर




2,000 मीटर की गहराई तक हिंद महासागर की ऊष्मा सामग्री वर्तमान में 4.5 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से बढ़ रही है और भविष्य में इसके 16 से 22 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से बढ़ने का अनुमान है। अध्ययन के हवाले से अध्ययनकर्ता ने कहा कि भविष्य में हीटवेव में होने वाली वृद्धि, एक दशक तक, हर सेकंड, पूरे दिन, हर दिन, एक हिरोशिमा परमाणु बम विस्फोट के बराबर ऊर्जा जोड़ने के बराबर है। अरब सागर सहित उत्तर-पश्चिमी हिंद महासागर में अधिकतम गर्मी होगी, जबकि सुमात्रा और जावा तटों पर गर्मी कम होगी।

**मौसमी चक्र में आएगा बदलाव**

महासागरों के तेजी से गर्म होने के बीच, सतह के तापमान के मौसमी चक्र में बदलाव होने का अनुमान है, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चरम मौसम की घटनाएं बढ़ सकती हैं। अध्ययन के मुताबिक जबकि 1980 से 2020 के दौरान हिंद महासागर में अधिकतम बेसिन-औसत तापमान पूरे वर्ष 26 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है, भारी उत्सर्जन परिदृश्य के तहत 21वीं सदी के अंत तक न्यूनतम तापमान पूरे वर्ष 28.5 डिग्री सेल्सियस और 30.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर समुद्र की सतह का तापमान आम तौर पर गहरे संवहन और चक्रवात के लिए अनुकूल होता है। अध्ययन में अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि 1950 के दशक से भारी बारिश की घटनाएं और भयंकर चक्रवात पहले ही बढ़ चुके हैं और समुद्र के तापमान में वृद्धि के साथ इनके और बढ़ने का अनुमान है।

## दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने से पहले बरतें सावधानी, कहीं भारत सरकार के नियमों का तो नहीं हो रहा उल्लंघन

**नेशनल डेस्क**- दुबई के बिल्डर भारतीयों को अपनी आवासीयों योजनाओं की ओर आकर्षित करने के लिए देश के दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद जैसे महानगरों में दस्तक देने लगे हैं। ये बिल्डर भारतीयों को निवेश के साथ-साथ गोल्डन वीजा उपलब्ध कराने तक के सपने दिखाते हैं। इनकी ओर से लोगों को प्रॉपर्टी की कीमत की सिर्फ 15 से 20% डाउन-पेमेंट करने की ऑफर और बाकी का भुगतान अगले 4 से 8 साल की अवधि में करने की भी ऑफर की जाती है। एक मीडिया रिपोर्ट में जानकारों के हवाले से कहा गया है कि ऐसे में लोगों को इस तरह के ऑफर आने पर इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि कहीं वे भारत सरकार के नियमों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं।

**क्या हैं सरकार के नियम**

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशों में प्रॉपर्टी खरीदने का भारत सरकार का नियम बेहद स्पष्ट है। कोई भी भारतीय विदेश में घर खरीदने के लिए 2,50,000 डॉलर भेज सकता है। परिवार के सभी सदस्य मिल कर बड़ी संपत्ति हासिल करने के लिए बड़ी राशि जमा कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक सदस्य 2,50,000 डॉलर (वार्षिक सीमा) भेज सकता है। लेकिन रेडी-टू-मूव-इन अपार्टमेंट या निर्माणाधीन संपत्ति खरीदने के लिए वर्षों तक किस्तों में भुगतान करने वाले लेनदेन सवालों के घेरे में आ सकते हैं। क्योंकि इस सौदे में लीवरेज का एक तत्व छिपा है, जिसे भारत सरकार का नियम हरी झंडी नहीं देता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569